नई दिल्ली, सोमवार, 22 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 249
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 21
न्यूून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 **भारतीय बल्लेबाजों का फ्लाप शो पाक ने जीता अंडर-19 एशिया कप**



# पानी के टैंकर से कुचलकर युवक की मौत

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी थाना इलाके में रविवार दोपहर एक जानलेवा हादसा सामने आया। पानी के एक टैंकर ने युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 3:30 बजे गीता कॉलोनी थाने में एक जानलेवा हादसे के बारे में पीसीआर कॉल मिली। कॉल मिलने पर पुलिस घटनास्थल कुंदन नगर रेड लाइट, मास्टर प्लान रोड, एसडीएम ऑफिस की तरफ, गीता कॉलोनी पहुंची। वहां देखा गया कि करीब 25-26 साल का एक लड़का पानी के टैंकर के पिछले टायर के नीचे पड़ा था। मौके पर कोई चश्मदीद नहीं मिला। पीड़ित अपनी बाइक पर था और वह रैपिडो ड्राइवर था। उसने सिर पर हेलमेट पहना हुआ था और उसका सिर पूरी तरह कुचला हुआ था। जांच के दौरान मृतक की पहचान जुबैर अली पुत्र आजमा अली, निवासी बागपत के रूप में हुई। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया और घटनास्थल का मुआयना और तस्वीरें ली गई। शव को मुर्दाघर भेज दिया गया है। पानी का टैंकर दिल्ली जल बोर्ड का अधिकृत था और ड्राइवर मौके से फरार था। हादसे में शामिल टैंकर और मृतक की बाइक को जब्त कर लिया गया है।

# मोबाइल असेंबल कर महंगे दामों पर बेचने वाले चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले के स्पेशल स्टाफ ने करोल बाग में मोबाइल की अवैध असेंबलिंग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के नाम हकीम, मेहताब अहमद अंसारी, रवि आहूजा और राहुल बताये गये हैं। हकीम इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड है।

पुलिस के अनुसार आरोपी एक दुकान के अंदर मोबाइल असेंबल करते थे और बाद में उन्हें महंगे दामों पर बेचते थे। इनके पास से आधे अधूरे असेंबल किए हुए 512 प्रीमियम मोबाइल फोन, 124 मदरबोर्ड, 138 बैट्री, 459 नकली आईएमईआई लेबल और अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपी नकली मोबाइल को असली रेट में बेचते थे। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अभी तक उन्होंने ऐसे कितने मोबाइल बेचे हैं। डीसीपी निधिन वाल्सन के अनुसार स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली थी कि करोल बाग के बीडनपुरा में स्थित एक दुकान में चोरी के मोबाइल फोन खरीदे जा रहे हैं। इसके बाद पुराने मदरबोर्ड और चीन से आयातित मोबाइल पार्ट्स का इस्तेमाल करके उन्हें नया बनाया जाता था। इन फोन पर नकली आईएमईआई नंबर चिपकाए जा रहे थे और उन्हें बाजार में नए ब्रांडेड प्रीमियम मोबाइल के रूप में बेचा जा रहा था। टीम ने देर रात को दुकान पर छापा मार चार लोगों को मोबाइल असेंबल करते हुए पकड़ा। इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड हकीम सिर्फ 8वीं पास है और उसके पास कोई टेक्निकल डिग्री या औपचारिक योग्यता भी नहीं है। पूछताछ में उसने बताया कि वह चीन से सैमसंग मोबाइल के स्पेयर पार्ट्स जैसे मदरबोर्ड, स्पीकर, कैमरे, बैक ग्लास, बॉडी फ्रेम और नकली आईएमईआई स्टिकर इम्पोर्ट करता था। बाद में अपने कर्मचारियों की मदद से वह सैमसंग अल्ट्रा, फोल्ड और फ्लिप मॉडल असेंबल करता था, चूंकि बाजार में इनकी बहुत डिमांड है। ये नकली मोबाइल ग्राहकों को असली नए सैमसंग हैंडसेट बताकर धोखे से 35 से 40 हजार रुपये प्रति यूनिट में बेचकर बड़ा मुनाफा कमाता था।

## ईरानी महिला के 1600 अमेरिकी डॉलर चुराने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट पर ईरानी महिला के पर्स से 1600 अमेरिकी डॉलर चुराने के आरोप में उत्तरी जिला पुलिस ने एक निजी बस में सहायक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की करेंसी बरामद हो गई है। पुलिस के अनुसार यह मामला 15 दिसंबर को तब सामने आया जब दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और मुखर्जी नगर निवासी डॉ. अली अकबर शाह ने आईएसबीटी कश्मीरी गेट पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। अली अकबर ने पुलिस को बताया कि उनकी मेहमान ईरानी नागरिक फरिश्ते सयांजलि 13 दिसंबर को भारत आई थीं और उनके आवास पर ठहरी हुई थी। महिला उत्तराखंड के ऋषिकेश की यात्रा करके 15 दिसंबर को बस से दिल्ली लौटी थी। दोपहर करीब 1:45 बजे आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर बस से उतरते समय अनजाने में उनका पर्स बस की सीट पर ही छूट गया था। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद सयांजलि को बस संचालक का फोन आया जिसमें बताया गया कि पर्स बस में मिल गया है। हालांकि जब पर्स उन्हें वापस दिया गया, तो उन्होंने पाया कि उसमें रखे 1600 अमेरिकी डॉलर गायब थे। अधिकारी ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि पर्स सबसे पहले बस में बतौर सहायक तैनात मुनीष को मिला था। मुनीष ने शुरू में जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसने पर्स से अमेरिकी डॉलर चुराने की बात कबूल ली। 26 वर्षीय मुनीष के खुलासे के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया और चोरी की गई पूरी रकम बरामद हो गई। वह जहांगीरपुरी का रहने वाला है।

# माचिस मांगने के विवाद में युवक पर बोतल से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले के देश बंधु गुप्ता रोड थाना इलाके में रील बना रहे एक युवक से माचिस मांगने को लेकर विवाद हो गया। तीन लोगों ने उस पर कांच की बोतल से हमला कर दिया। युवक के लहूलुहान होने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने शिकायत पर हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया और जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम हम्माद उर्फ रिजवान (22), कामरान उर्फ सारिम (24) और फरजान (24) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार 15 दिसंबर को मामले में शिकायत मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ अजमल खान पार्क, करोल बाग में रील्स बना रहा था। इसी दौरान शराब पी रहे तीन अनजान लोगों ने उसके साथ बदतमीजी की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। एक आरोपी ने बीयर की बोतल तोड़कर नुकीले टूटे कांच से शिकायतकर्ता के सिर पर वार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पुलिस को मौके पर वारदात में इस्तेमाल की गई बीयर की बोतल का टूटा हुआ टुकड़ा भी बरामद हुआ। बोतल के टुकड़े पर एक बारकोड था जो जांच में एक महत्वपूर्ण सुराग साबित हुआ। इसके बाद टीम ने उस दुकान का पता लगाया जहां से शराब की बोतल खरीदी गई थी। इसके बाद टीम ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपियों की पहचान की। इसके बाद टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने शिकायतकर्ता से माचिस मांगी थी, लेकिन उसने मना कर दिया था। इसके बाद उन्होंने शिकायतकर्ता की जेब चेक कीं। इसको लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया और हमला कर दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी हम्माद पर 22 मामले दर्ज हैं।

# द्वितीय विश्व ध्यान दिवस पर ब्रह्माकुमारीज ने कई जगह विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज ने रविवार को दिल्ली में कई जगह विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से ध्यान पर जोर दिया गया क्योंकि तनाव, चिंता, भय, अवसाद आदि अनेक शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं का समाधान ध्यान या मेडिटेशन में मिलता है। मुख्य कार्यक्रम ब्रिटानिया चौक लॉरेंस रोड स्थित वेडिंग ओपेरा बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह भी रही कि इस अवसर पर सात कन्याओं ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता को आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग ध्यान की शिक्षा देने के लिए समर्पित किया। इस अलौकिक, दिव्य, अद्भुत कार्यक्रम में सात ब्रह्माकुमारी कन्याओं वैष्णवी, शिवानी, रूप लता, भारती, तनुजा, अनीता, राधा रानी ने निराकार शिव परमात्मा द्वारा स्थापित इस ज्ञान यज्ञ में आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए संपूर्ण समर्पण की प्रतिज्ञा ली। इसके उपरांत ज्यूरिस्ट प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने राजयोग ध्यान की अनुभूति कराई। महिला प्रभाग की अध्यक्षा रूस एवं बाल्टिक देशों की निदेशिका राजयोगिनी बीके चक्रधारी दीदी ने ध्यान को व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में सकारात्मक एवं उत्कृष्टता के लिए आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ओम शांति रिट्रीट केंद्र की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने जीवन में पूर्ण शांति एवं संतुष्टि के लिए ध्यान को आवश्यक बताया। सुरक्षा प्रभाग की अध्यक्ष राजयोगिनी शुक्ला दीदी ने कन्याओं के समर्पण के निर्णय का आधार राजयोग ध्यान को ही बताया। वहीं माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमारी मेडिकल विंग के अध्यक्ष डॉक्टर बनारसी लाल साह ने विश्व ध्यान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन नारनौल से पधारी ब्रह्माकुमारी सुषमा दीदी ने किया। इसके अलावा राजयोग केंद्र हरी नगर, डेरावाल नगर, ग्रेटर कैलाश, सिरी फोर्ट आदि अनेक सेवा केंद्रों में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में विश्व ध्यान दिवस का आयोजन हुआ और अनेक लोगों ने ध्यान की उपयोगिता तथा अनुभूति का आनंद लिया।

# चाय बनाते समय सिलेंडर बलास्ट, कोई हताहत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जैतपुर एक्सटेंशन में रविवार को गैस रिसाव के कारण आग लग गई। इसके बाद एलपीजी सिलेंडर बलास्ट हो गया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के मुताबिक आग लगने की जानकारी सुबह करीब नौ बजे मिली, जिसके बाद दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गई। आग घरेलू वस्तुओं और एक एलपीजी सिलेंडर में लगी थी। सुबह करीब 9:50 बजे आग पर काबू पा लिया गया। वहीं पुलिस ने बताया कि आग जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-1, झील गार्डन के पास जी-ब्लॉक स्थित मकान नंबर 192 में आग लगी थी। दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि चाय बनाने के दौरान हादसा हुआ। कमरे में पहले से ही गैस रिसाव हो रहा था। माचिस जलाते ही आग लग गई। आग लगते ही घर के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल गये थे। इसके बाद सिलेंडर बलास्ट हो गया।

# दिल्ली में कड़ाके की ठंड, मौसम विभाग ने शीत लहर का अलर्ट किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली, यूपी और हरियाणा सहित उत्तर भारत में शीत लहर का मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कड़ाके की ठंड का एहसास हो रहा है। हवा के कारण तापमान में कमी देखने को मिल रही है। सुबह और रात के समय विजिबिलटी काफी कम रही, जिसके कारण जनजीवन पूरी तरीके से प्रभावित हुआ।

कोहरे की मार सड़क से लेकर उड़ानों तक पर देखने को मिला। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार और सोमवार को घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे के कारण ट्रेने विलंब से चल रही हैं और कई उड़ानों को भी रद्द करना पड़ा है।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक देश के कई राज्यों में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दिल्ली, राजस्थान, बिहार और यूपी समेत कई राज्यों में शीतलहर का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है।

## आईजीआई पर कई उड़ाने हुई कैंसिल

राजधानी दिल्ली में घने कोहरे और स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है जिससे विजिबिलिटी कम हो गई है। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर इसका असर उड़ानों में देखने को मिला है। विजिबिलिटी घटने से 104 उड़ानों को रद करना पड़ा, जिसमें 64 प्रस्थान और 40 आगमन की फ्लाइट्स शामिल हैं। इसके अलावा करीब 600 उड़ानों ने निर्धारित समय से देरी से उड़ान भरी और सुबह तक चार उड़ानों को डायवर्ट किया गया है। कोहरे से सुबह के घंटों में उड़ानों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है।

# किशोरी के अपहरण का मामला सुलझा युवक किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण के केस को सुलझा लिया है। इस मामले में 24 साल के विकास नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने किशोरी को प्रेम जाल में फंसाया था और उसे अपने साथ लेकर चला गया था। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। किशोरी उसके परिजनों को सौंप दी गई हैं। किशोरी ने युवक पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार 19 दिसंबर की रात किशोरी अचानक अपने घर से लापता हो गई थी। सुबह जब परिजनों ने उसे कमरे में नहीं पाया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। 20 दिसंबर को परिजनों ने भलस्वा डेयरी थाने में उसके अपहरण की शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि किशोरी उसके घर पर पानी सप्लाई करने वाले युवक विकास के साथ गई है। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से विकास का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

# हेरिटेज इंडिया परिवार ने जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को बांटे कंबल और शॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सर्द हवाओं के बीच मानवता की गर्माहट बिखेरते हुए, हेरिटेज इंडिया परिवार नामक एनजीओ ने एक विशेष शिविर का आयोजन कर गरीब महिलाओं, अनाथ बच्चों और बेसहारा बुजुर्गों की जिंदगी में उम्मीद की नई किरणें जलाईं। इस नेक पहल के तहत हेरिटेज इंडिया ने बाल कलश नामक एनजीओ के सहयोग से सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को कंबल, शॉल, स्वेटर और स्कूल सामग्री वितरित की, इन सामाजिक संस्थाओं का यह आयोजन न केवल शारीरिक राहत प्रदान कर रहा है बल्कि समाज में समावेशिता का संदेश भी दे रहा है। इस तरह के आयोजन हेरिटेज इंडिया परिवार की लंबी परंपरा का हिस्सा है, जहां उन्होंने शुरू से ही108 बेसहारा बुजुर्गों को गोद लेकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाई हुई है। बुराड़ी के मिलनविहार में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में हेरिटेज इंडिया परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन दुबे, राष्ट्रीय सलाहकार आदेश भारद्वाज और संस्था की महिला अध्यक्षा डॉ नैंसी जुनेजा ने शिरकत कर अपने हाथों से सामग्री वितरित की। बेसहारा बुजुर्गों, अनाथ और गरीब बच्चों के लिए यह शिविर एक उत्सव की तरह था। उन्हें कंबल, शॉल, गर्म स्वेटर के साथ साथ बच्चों को स्कूल बैग, किताबें, कॉपियां, पेंसिल और अन्य सामग्री प्रदान की गई। इस तरह के प्रयासों से कई बच्चे, जो स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं उनमें अब शिक्षा की राह पर आगे बढ़ने की उम्मीद जग सकेगी। एनजीओ के अध्यक्ष एस एन दुबे ने बताया हमारा उद्देश्य सिर्फ जरूरी समान और सामग्री देना नहीं, बल्कि इन बुजुर्गों में सुरक्षा का भाव, और बच्चों के सपनों को पंख लगाना है। हम चाहते हैं दूसरी अन्य सामाजिक संस्थाएं भी इस तरह से आगे आए जिससे इस तरह के जरूरतमंद लोगों की जिंदगी में मुस्कानें खिल सकें।

क्रिसमस



नई दिल्ली : क्रिसमस के त्योहार से पहले बाजारों में बढ़ी रौनक।

# दिल्ली हवाई अड्डा घटनाः एआई एक्सप्रेस ने पायलट को कारण बताओ नोटिस किया जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एयर इंडिया एक्सप्रेस शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर उसके एक कैप्टन द्वारा एक यात्री पर कथित रूप से हमला किए जाने की घटना की जांच के लिए अगले सप्ताह एक बाहरी समिति का गठन करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। घटना के समय उक्त कैप्टन ड्यूटी पर नहीं थे। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि घटना के तुरंत बाद टाटा समूह की इस एयरलाइन ने पायलट को निलंबित कर दिया और उनसे स्पष्टीकरण मांगते हुए एक कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पायलट श्रमिक श्रेणी में आते हैं, इसलिए यह कार्यवाही श्रम कानूनों के तहत की जा रही है। घटना की जांच के लिए अगले सप्ताह एक बाहरी जांच समिति गठित की जाएगी। यह घटना शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 (टी1) पर हुई। यात्री अंकित दीवान ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपने अनुभव को साझा किया था और झड़प के बाद उनके चेहरे पर खून लगे होने की एक तस्वीर भी पोस्ट की थी। उन्होंने पायलट वीरेंद्र सेजवाल की एक तस्वीर भी साझा की थी। नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने इस घटना को गंभीरता से लिया है और एयरलाइन को निर्देश दिया कि पायलट को तत्काल प्रभाव से काम से हटा दिया जाए। मंत्रालय ने दीवान की पोस्ट के जवाब में एक्स पर कहा कि औपचारिक जांच के आदेश दिए गए हैं। बीसीएएस और सीआईएसएफ से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

## विशाल क्षेत्रफल और बढ़ती आबादी को लेकर पार्षदों ने उठाई अधिक फंड की मांग

# नरेला जोन को चाहिए विशेष बजट, जनसुविधाओं के लिए बढ़े संसाधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन उपायुक्त कार्यालय में आगामी दिनों पेश होने वाले निगम बजट को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड समिति की अध्यक्ष बबीता डबास ने की। इस दौरान निगम पार्षद, नरेला जोन के उपायुक्त राजीव सिंह, जोन विभाग प्रमुख भी बैठक में मौजूद रहे। शुक्रवार को बैठक के दौरान उपायुक्त राजीव सिंह ने क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पार्षदों से बजट को लेकर उनके सुझाव आमंत्रित किए। इस पर उपस्थित पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत नरेला जोन क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जोन है, जहां आबादी भी तेजी से बढ़ रही है, इसलिए यहां अन्य जोनों के मुकाबले अधिक बजट की जरूरत है। निगम में ग्रामीण समिति के अध्यक्ष व पार्षद योगेश राणा ने कहा कि सड़कों, नालियों, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के रखरखाव, जलभराव और कूड़ा निस्तारण जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नरेला जोन को अन्य जोनों की तुलना में अधिक बजट की आवश्यकता है। वर्तमान संसाधनों में पूरे जोन की जरूरतों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि पल्ला यमुना से लेकर नांगलोई और रोहिणी से लेकर दिल्ली के सोनीपत इलाके से सटे हुए बॉर्डर तक नरेला जोन का क्षेत्र आता है।



नई दिल्ली
सोमवार, 22 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 249
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 ऑस्ट्रेलिया के पास रहेगी एशेज की ट्रॉफी, इंग्लैंड को 82 रन से दी मात

मैनपावर पर होने वाला खर्च बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया

# खर्चों में वृद्धि : रेलवे किराया 26 से बढ़ेगा, सीजन टिकट और 215 किमी तक साधारण श्रेणी में नहीं होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ ये कह कर डाला की खर्च बढ़ गया है। अपनी वित्तीय जरूरतों को संतुलित करने के उद्देश्य से किराया संरचना का युक्तिकरण किया है।

दो पैसे प्रति किमी की दर से यात्री किराया 26 दिसंबर 2025 से प्रभावी होगा। रेलवे के अनुसार यह कदम सीमित और न्यूनतम है, जबकि उपनगरीय यात्रियों और आम वर्ग को राहत दी गई है। मजे की बात ये है कि रेल बजट से पहले रेलमंत्रालय ने यात्री किराए में बढ़ोतरी की घोषणा कर दी।

रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकट के किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसके अलावा साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर भी किराया नहीं बढ़ाया गया है, जिससे रोज़मर्रा के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

हालांकि, 215 किलोमीटर से अधिक की साधारण श्रेणी की यात्रा पर प्रति



किलोमीटर 1 पैसा की वृद्धि की गई है। वहीं मेल/एक्सप्रेस नॉन-एसी और एसी श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे अतिरिक्त देने होंगे। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह वृद्धि बेहद सीमित है। उदाहरण के तौर पर 500 किलोमीटर की नॉन-एसी यात्रा पर यात्रियों को मात्र 10 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा। रेलवे का अनुमान है कि इस किराया युक्तिकरण से उसे चालू वित्त वर्ष में लगभग 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पिछले एक दशक में नेटवर्क और परिचालन में भारी विस्तार हुआ है। सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने और परिचालन स्तर को ऊंचा करने के लिए मानव संसाधन (मैनपावर) में भी वृद्धि की गई है। इसी कारण मैनपावर पर होने वाला खर्च बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि पेंशन पर खर्च 60 हजार करोड़ रुपये हो गया है। वर्ष 2024-25 में रेलवे के कुल परिचालन खर्च में बढ़ोतरी होकर 2.63 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की बात कही गई है। रेलवे ने बताया कि बढ़ती लागत की भरपाई के लिए वह एक ओर कार्गो लोडिंग बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है, वहीं दूसरी ओर यात्रियों के किराए में न्यूनतम युक्तिकरण किया गया है। रेलवे का दावा है कि इन प्रयासों के चलते सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माल ढोने वाला रेलवे नेटवर्क बन चुका है। इसके साथ ही हाल ही में त्योहारी सीजन के दौरान 12,000 से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन भी बेहतर परिचालन क्षमता का उदाहरण बताया गया है। रेलवे ने दोहराया कि भविष्य में भी वह दक्षता बढ़ाने, लागत नियंत्रण और सामाजिक दायित्वों को संतुलित रखने के लिए प्रयास जारी रखेगा। कुल मिलाकर रेलवे का कहना है कि किराया वृद्धि सीमित है, जबकि आम और मध्यम वर्ग के यात्रियों के हितों को प्राथमिकता दी गई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पेंच से तीन वर्षीय बाघिन को राजस्थान भेजा गया

**भोपाल।** अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण योजना के तहत रविवार को मध्यप्रदेश के पेंच बाघ



अभयारण्य से एक बाघिन को 'एयरलिफ्ट' कर पड़ोसी राज्य राजस्थान के विषधारी बाघ अभयारण्य भेजा गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाघिन को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे थे लेकिन सफलता आज मिली।

### कमिंस इंडिया को दिख रहा है अच्छा अवसर

**मुंबई।** विद्युत समाधान प्रदाता कंपनी कमिंस इंडिया ने कहा है कि उसे भारत में डेटा सेंटर व्यवसाय में अच्छा अवसर दिखाई दे रहा है। यह क्षेत्र कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग और डेटा स्थानीयकरण (डेटा को देश में ही संग्रहित रखने) के कारण तेजी से बढ़ रहा है। कमिंस इंडिया लिमिटेड इंधन इंजन और विद्युत जनरेटर जैसे बिजली उत्पादन के उपकरणों को डिजाइन, निर्माण, वितरण और सेवा प्रदान करने वाले कारोबार से जुड़ी है।

### कोहरे के कारण 110 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण कुल 110 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। हवाई अड्डे पर 59 आगमन और 51 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गईं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध नवीनतम जानकारी के अनुसार, 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। और हवाई अड्डे पर उड़ानों के प्रस्थान में औसतन लगभग 26 मिनट की देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक डीआईएएल ने शाम को एक पोस्ट में कहा कि परिचालन सुचारू रूप से जारी है।

## प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ में 10,601 करोड़ के उर्वरक संयंत्र की रखी आधारशिला

पीएम ने असमिया में लोगों को किया संबोधित

# कांग्रेस घुसपैठियों को बसा और बचा रही भाजपा आपके साथ फौलाद की तरह खड़ी



लोगों को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

असम मेंपीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

कांग्रेस को असम के लोगों से लगाव नहीं

जो काम कांग्रेस को करना था, अब वह हम कर रहे

यहां अवैध लोगों को कांग्रेस ने ही बसाया

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़

पपीएम नरेंद्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में 10,601 करोड़ की लागत से बनने वाले उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखी। उन्होंने असमिया में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने कहा कि अवैध घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। इसलिए कांग्रेस पार्टी वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध कर रही है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और असम की सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर पके साथ खड़ी है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस को असम के लोगों से कोई लगाव नहीं है, बल्कि वह अवैध घुसपैठियों के प्रति झुकी हुई है। कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया जिन्होंने असम की डेमोग्राफी को नुकसान पहुंचाया, क्योंकि वही उनका वोट बैंक हैं। भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों की रक्षा की है। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं. जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया। इसलिए मुझे अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है।

### कांग्रेस राष्ट्रविरोधी विचारधाराओं को बढ़ावा दे रही





उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखते प्रधानमंत्री मोदी

नामरूप में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभी भी राष्ट्रविरोधी विचारधाराओं को बढ़ावा दे रही है। ये लोग असम के जंगलों और ज़मीनों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाकर अपना वोट बैंक मज़बूत करना चाहते हैं। उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं कि आपका क्या हाल होता है। कांग्रेस पार्टी को असम, यहाँ की जनता या आपकी पहचान की कोई चिंता नहीं है।

### मैं चायवाला हूं, ...तो कौन करेगा यह काम

पीएम ने रैली में अपने आप को एक बार फिर से चायवाला बताया। उन्होंने कहा कि हम असम की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले हर काम को प्राथमिकता देते हैं। जब भाजपा ने भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित किया, तो कांग्रेस ने खुले तौर पर इसका विरोध किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी गायकों और नाचने वालों को भारत रत्न दे रहे हैं। यह भूपेन दा का अपमान नहीं है? यह कला,संस्कृति का अपमान नहीं है? कांग्रेस ने दशकों तक चाय बागान समुदाय को भूमि अधिकार नहीं दिए। यह काम हम कर रहे हैं। इसे कौन करेगा?

### पहले पुलिस किसानों पर बरसाती थी लाठी

पीएम ने कहा कि आज हमारी डबल इंजन की सरकार कांग्रेस द्वारा पैदा की गई समस्याओं का समाधान भी कर रही है। पहले यूरिया के लिए किसानों को लाइनों में लगना पड़ता था, पुलिस किसानों पर लाठी बरसाती थी।

### असम आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने बोरागांव स्थित स्वहीद स्मारक क्षेत्र में असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने छह वर्ष लंबे आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### मुझे अभी बहुत काम करना बाकी

पीएम मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए काम भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद ही हो रहा है। पुरानी फैक्ट्रियों में तकनीक पुरानी हो गई थी और कांग्रेस सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से नामरूप की कई यूनिट बंद होती रहीं। कांग्रेस ने इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला। वे उदासीन थे। हमारी दो इंजन वाली सरकार उन समस्याओं का भी समाधान कर रही है। 11 साल की कड़ी मेहनत के बाद भी मुझे अभी बहुत काम करना बाकी है।पिछले 10-11 सालों की कड़ी मेहनत के बाद यह उत्पादन बढ़कर लगभग 306 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

पीएम के घुसपैठिए वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार

### नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर मढ़ रहे दोष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घुसपैठियों को लेकर



प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार किया है। खरगे ने कहा कि केंद्र और असम दोनों जगह भाजपा की सरकारें हैं, जिसे वे खुद डबल इंजन सरकार कहते हैं। जब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहती है, तो सारा दोष विपक्ष पर मढ़ देती है। मैं ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। खरगे ने कहा कि वे देशद्रोही हैं, हम नहीं। हम देश के हित में जो भी अच्छा होगा, वह करेंगे, लेकिन हम आतंकवादियों, घुसपैठियों या किसी और का समर्थन नहीं करेंगे। वह सिर्फ दोष दूसरों पर डाल रहे हैं क्योंकि वे उन्हें रोकने में नाकाम रहे हैं।



देवी अहिल्या माता की प्रतिमा का अनावरण किया

उपराष्ट्रपति 'शून्य से शतक' कार्यक्रम में हुए शामिल

# अटल जी के राजनीति में स्थापित सभी आदर्श देश हमेशा याद रखेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने इंदौर प्रवास के दौरान एक कॉलेज में आयोजित 'शून्य से शतकः एक शताब्दी अटल भारत की' स्मरणोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि

**उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने बताए अटल जी के अनसुने किस्से**

अटल जी ने राजनीति में कई ऐसी मिसालें और आदर्श स्थापित किए हैं, जिन्हें देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने उनके व्यक्तित्व को सर्वसमावेशी बताते हुए नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसे नेता बहुत विरले ही होते हैं, जिन्हें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से समान रूप से सम्मान प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के जीवन और उनके सिद्धांतों से हमने बहुत कुछ सीखा है। उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य आने वाली पीढ़ियों को सदैव सही मार्ग दिखाते रहेंगे और देश के विकास में उनके योगदान ▶▶ शेष पेज 5 पर

गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

## बीएसएफ भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 50 प्रतिशत आरक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमा सुरक्षा बल कांस्टेबल भर्ती में पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण कोटा पहले से प्रस्तावित 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। नियमों के अनुसार,बीएसएफ में हर साल 50 फीसदी वैकेंसी पूर्व-अग्निवीरों के लिए, 10 प्रतिशत पूर्व सैनिकों के



लिए और तीन प्रतिशत तक वार्षिक वैकेंसी को कॉम्बैटाइज्ड कांस्टेबलों (ट्रेड्समैन) के लिए आरक्षित होंगी। केंद्रीय गृह ▶▶ शेष पेज 5 पर

मनरेगा पर हमला

## अधिकार को 'एहसान' में बदला गया: वेणुगोपाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने मोदी सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को "व्यवस्थित रूप से कमजोर और निष्प्रभावी" करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई कल्याणकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों परिवारों के लिए कानूनी अधिकार था, जिसे मौजूदा सरकार ने फंड की सीमा तय कर, नियंत्रण को केंद्रीकृत कर और इसकी मांग-आधारित प्रकृति को बदलकर एक बजट-निर्भर योजना में बदल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि मनरेगा के तहत काम मांगना नागरिकों का अधिकार था, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक रोका





### चिल्लई कलां का आगाज

**जम्मू।** कश्मीर की ऊंची पहाड़ियों में इस मौसम की पहली बर्फबारी और घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। यह 40 दिनों की कड़ाके की ठंड के पहले दिन की शुरुआत है, जिसे स्थानीय भाषा में 'चिल्लई कलां' कहा जाता है। लगभग तीन महीने से चला आ रहा सूखा ▶▶ शेष पेज 5 पर

हिंदुओं के खिलाफ दुश्मनी और नफरत का भाव

संघ के पदाधिकारियों और भाजपा नेताओं पर पीएफआई रखता है नजर

## एनआईए ने कोर्ट से कहा- देश के लिए खतरा है पीएफआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की एक अदालत में पीएफआई नेतृत्व मामले में आरोपों पर अपनी दलीलें दीं। एनआईए ने कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) देश की एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा था।

यह मामला पीएफआई नेतृत्व द्वारा कथित तौर पर रची गई उस साजिश से



संबंधित है जिसका उद्देश्य मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाना और हिंदुओं के खिलाफ दुश्मनी को बढ़ावा देना था। पटियाला हाउस कोर्ट के एनआईए जज प्रशांत शर्मा के समक्ष एनआईए के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *इस्लामी शासन को स्वर्ण युग बताकर प्रचारित किया*

*एसपीपी राहुल त्यागी ने कहा, पीएफआई के एक सदस्य ने गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बारे में दूसरों से चर्चा की। उन्होंने इस्लामी शासन के 'स्वर्ण युग' का वर्णन किया ये एक संरक्षित गवाह के बयान हैं। एसपीपी ने कहा, पीएफआई द्वारा* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## संघ प्रमुख ने हिंदुओं के हालात खासकर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर चिंता जताई

अपनी सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म बढ़े, भारत सरकार को इस मुद्दे पर 'ध्यान' देना चाहिए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत इन दिनों पश्चिम बंगाल के चार दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को उत्तर बंगाल के कोलकाता पहुंचे डॉ. भागवत ने साइंस सिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने दुनियाभर में हिंदुओं के हालात खासकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे आत्याचार को लेकर ▶▶ शेष पेज 5 पर





डॉ. मोहन भागवत

### संघ को भाजपा के नजरिए से समझने की प्रवृत्ति गलत

डॉ. भागवत ने साफ किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म किसी राजनीतिक मकसद, प्रतिस्पर्धा या विरोध के लिए नहीं हुआ। उनका कहना था कि संघ पूरी तरह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर कोई सुरक्षा संकट नहीं

भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर कथित प्रदर्शन को लेकर विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 20 दिसंबर को कोई सुरक्षा संकट नहीं हुआ। मंत्रालय के अनुसार, 20–25 युवाओं ने



बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की हत्या के विरोध में शांतिपूर्ण नारेबाजी की थी, जिसे पुलिस ने तुरंत हटा दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### सुपरवाइजर की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**फरीदाबाद।** घर से ड्यूटी पर निकले कंपनी सुपरवाइजर की



सचखंड एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरिकेश नगर निवासी अमन कुमार एनआइटी स्थित शुभम टावर में सर्विस प्रोवाइडर कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। 18 दिसंबर को सुबह करीब नौ बजे घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। लेकिन शाम को घर नहीं लौटे। पत्नी सरिता ने फोन किया तो वह बंद मिला। परिजन उन्हें तलाश करते रहे लेकिन छ सुराग नहीं लगा। जानकारी मिली कि अमन की जंक्शन केबिन तुगलकाबाद के पास सचखंड एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी के जांच अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मृतक के पास से एक पिटठू बैग, ऑफिस का आइकार्ड, विजिटिंग कार्ड और मोबाइल मिला। विजिटिंग कार्ड पर दिए नंबर से परिजन का नंबर लेकर संपर्क किया गया।

### ठगी मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाला पकड़ाया

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने खाता



उपलब्ध करवाने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-7-ए फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 14 से 18 अक्टूबर तक लगातार उसके पास कथित डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन, बैंगलोर और मुंबई के अधिकारी के विडियो व ऑडियो कॉल आये और उसे डिजिटल अरेस्ट करके रखा गया तथा उसे बताया गया की उसका नाम मनी लॉनड्रिंग और ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसी गैर कानूनी गतिविधियों में आया है जिस पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और उसे केस से निकालने के नाम पर कुल 81,00,000 रूपए ठगो ने खाता में ट्रांसफर करवा लिये। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए धर्मेन्द्र सोनी निवासी जोधपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

---

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई

# प्रयास वेलफेयर सोसाइटी बेसहारा बच्चों को शिक्षा देकर समाज में फैला रही नई रोशनी : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

प्रयास वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित प्रयास वेलफेयर स्कूल सेक्टर-64 के प्रांगण में संस्था के 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व परिवहन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था की ओर से उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रयास वेलफेयर सोसाइटी पिछले 27 वर्षों से बेसहारा एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें कौशल शिक्षा से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है।

**खास बातें**

- सोसाइटी पिछले 27 सालों से बेसहारा एवं जरूरतमंद बच्चों के सराहनीय कार्य कर रही है
- संस्था के प्रधान विनोद अग्रवाल ने सभी अतिथियों का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया



उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज के लिए किया जा रहा यह प्रयास वास्तव में एक नेक और प्रेरणादायक कार्य है।

उन्होंने कहा कि प्रयास वेलफेयर सोसाइटी बेसहारा बच्चों को शिक्षा देकर समाज में नई रोशनी फैलाने का काम कर रही है आज बच्चे यहां से शिक्षा लेकर विभिन्न अच्छी नौकरियों में पहुंचे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ सदस्य श्रीकृष्ण सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के प्रधान विनोद अग्रवाल ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस शिव प्रसाद शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर संस्था के वाइस चेयरमैन प्रवेश गुप्ता, वाइस प्रेजिडेंट श्रीमती मधु गुप्ता, आर के लड्डे, मार्किट कमेटी चेयरमैन संजीव बैंसला, राहुल गोयल, जेपी मास्टर, दुलीचंद , बिशन चंद शर्मा, डॉ. दिनेश गुप्ता, राजू सोलंकी चीफ एडवाइजर एम आर सिंगला, वासुदेव गर्ग, हरीश सिंगला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

एसआईआर का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना

# चुनावी पराजयों से हताश होकर कांग्रेस अब झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही है: महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय अटल कमल में जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पुनिया, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, नगर निगम महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, पूर्व विधायक जगदीश नायर, महिला मोर्चा राष्ट्रीय पदाधिकारी टीना बेंटिक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रक्षवाल, जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा, चौधरी प्रवीण गर्ग, पूर्व जिला महामंत्री आर एन सिंह, वजीर सिंह डागर, पार्षद गण आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ और राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, आत्मनिर्भर भारत, एसआईआर, अटल स्मृति वर्ष तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

**खास बातें**

- जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुआ गहन मंथन
- भाजपा फरीदाबाद जिला कार्यसमिति की भव्य बैठक संपन्न



### अमित शाह ने एसआईआर पर कांग्रेस के झूठ को देश के सामने उजागर किया: सुरेन्द्र पुनिया

प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पुनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता पूरे वर्ष समर्पण और निष्ठा के साथ संगठन के लिए कार्य करता है। इसी मजबूत संगठनात्मक आधार के कारण भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। भाजपा में प्रत्येक नेता स्वयं को पहले एक कार्यकर्ता मानता है,यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान विचारकों की राष्ट्रवादी विचारधारा को मंत्र बनाकर भारत को विश्व पटल पर सशक्त और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। भाजपा ने जनता का विश्वास जीता है और इसी विश्वास के बल पर केंद्र और प्रदेश में भाजपा की तीन बार लगातार सरकारें बनी हैं। एसआईआर विषय पर बोलते हुए श्री पुनिया ने कहा कि लगातार चुनावी पराजयों से हताश होकर कांग्रेस अब झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही है। देश के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को देश की जनता के सामने पूरी तरह उजागर कर दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया का उद्देश्य किसी भी पात्र मतदाता का अधिकार छीनना नहीं, बल्कि अपात्र, फर्जी या दोहरे नामों को हटाकर लोकतंत्र की पवित्रता बनाए रखना है। श्री पूनिया ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो विकास का कोई विजन है और न ही जनता को देने के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा, इसलिए वह बार-बार झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। वह सच नहीं बन सकता और देश की जनता अब यह भली.भांति समझ चुकी है। श्री पूनिया ने अटल स्मृति वर्ष पर बोलते हुए कहा कि 24 दिसम्बर को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पंचकुला में अटल जी की 51 फुट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

---

दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

## निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: करण भदौरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र के गांव नीमका में नगर निगम द्वारा निर्मित की जा रही चौपाल में घटिया सामग्री के उपयोग के मामले में नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की है। निगम द्वारा तय शर्तों एवं नियमों के अनुसार कार्य न किए जाने पर संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, वहीं चौपाल की छत का लेंटर को तुड़वाने की कार्रवाई भी की गई है।

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन निगम के इंजीनियरिंग विंग द्वारा यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में निगम के अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव नीमका ग्रेटर फरीदाबाद में बन रही चौपाल में ठेकेदार द्वारा बिना अधिकारियों की जानकारी के नियमों के विपरीत छत डाली गई थी। गुणवत्ता की जांच के दौरान निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि गुणवत्ता में कमी पाए जाने के चलते नगर निगम द्वारा चौपाल की छत को गिरा दिया गया है। अब चौपाल की छत सहित अन्य सभी कार्य नगर निगम के निर्धारित नियमों एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही कराए जाएंगे।

---

अतुलनीय बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की

## वीर बाल दिवस पर बल्लभगढ़ में सफर-ए-शहादत लाइट एंड साउंड शो का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों के अतुलनीय बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष लाइट एंड साउंड मंच प्रस्तुति सफर-ए-शहादत का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को बल्लभगढ़ स्थित अटल ऑडिटोरियम में होगा। सफर-ए-शहादत सिख इतिहास के शौर्य और बलिदान से भरे अध्यायों की एक भावनात्मक और प्रेरणादायी यात्रा प्रस्तुत करता है। यह प्रस्तुति गुरु तेग बहादुर साहिब जी के सर्वोच्च बलिदान से आरंभ होकर चमकौर दी गढ़ी की ऐतिहासिक घटनाओं से होते हुए साहिबज़ादा बाबा जोरावर सिंह जी और साहिबज़ादा बाबा फतेह सिंह जी की शहादत पर समाप्त होती है। ध्वनि व प्रकाश प्रभाव, एनीमेशन और वीएफएक्स के माध्यम से इन ऐतिहासिक क्षणों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

---

# सीए से 25 लाख की लूट में शामिल एक और आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने 5000 के इनामी बदमाश को एक लूट के मामले में गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 नवंबर को थाना शहर बल्लभगढ़ के अंर्तगत सीए से कुछ बाइक सवार बदमाशों द्वारा 25,33,000 रुपये लूटने का मामला सामने आया था। जिस पर



त्वरित कार्रवाई करते हुये क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने तीन आरोपियों गिरफ्तार कर मामले को 24 घंटे के अंदर ही कामयाब बनाया था।

आरोपी संजीव निवासी गांव नरियाला फरीदाबाद वारदात के समय से ही फरार था। जिस पर पुलिस द्वारा 5000 रुपए का इनाम रखा गया था। उन्होंने आगे बताया की ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के अर्तगत प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने संजीव निवासी गांव नरियाला फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथी अभिषेक उर्फ अभी व कपिल के साथ शिकायतकर्ता से 2533000 रुपए लूटने की वारदात में शामिल था व उसने शिकायतकर्ता को चाकू दिखाया था। आरोपी से 30000 रुपए बरामद किए गए है।

---

फरीदाबाद पुलिस का व्यापक कांबिंग ऑपरेशन

## सुरक्षा व कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस ने 21 दिसंबर को अल सुबह 5 बजे से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक व्यापक कांबिंग ऑपरेशन चलाया। यह ऑपरेशन थाना पल्ला, सराय ख्वाजा, एनआईटी और आर्दश नगर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में आयोजित किया गया। थाना आर्दश नगर क्षेत्र के अंतर्गत आशियाना सेक्टर 62, आदर्श नगर, विजय नगर व उंचा गांव में संघन तलाशी की गई, दौराने तलाशी विजय नगर इलाका में एक खाली पडे प्लॉट में वैगनार गाडी से 5 पेटी देशी शराब व 36 पव्वा अग्रेजी शराब बरामद हुई है। जिस पर कार्रवाई जारी है। थाना पल्ला क्षेत्र के अर्तगत आने वाले 23 धार्मिक स्थलों पर टीम द्वारा संघन तलाशी ली गई। जहां किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तू का होना नही पाया गया। थाना थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र के अंतर्गत संतोष नगर व सुभाष नगर एरिया



में पुलिस टीम द्वारा संघन तलाशी ली गई व 4 धार्मिक स्थलों की भी जांच की गई। थाना एनआईटी के अंतर्गत गांधी कालोनी व भगत सिंह कालोनी में टीम द्वारा संघन तलाशी ली गई व 5 धार्मिक स्थलों पर सर्च किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा समय-समय पर जांच पड़ताल की जाती है।

---

संयोजक ने मेयर का जोशी का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया

## रेफर मुक्त संघर्ष समिति की टीम ने मेयर प्रवीण बत्रा से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति की टीम ने आज संयोजक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी से उनके सैक्टर-16 स्थित निवास पर जाकर मुलाकात की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने कहा कि उनकी टीम के द्वारा दिए गए ज्ञापन व मांगों को मेयर श्रीमती जोशी को सौंपे थे। जिसके बाद उन्होंने इस ज्ञापन को संज्ञान देते हुए इसमें लिखी मांगों को हरियाणा राज्यपाल, मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सहित सभी विभागों को पत्र पहुंचाया। जिसके बाद विधानसभा पटल पर विधायक सतीश फागना ने मांगों को उठाया और जिससे कुछ समस्याओं का समाधान भी हुआ है। इसी को लेकर आज उनकी टीम ने मेयर निवास पर पहुंचकर उनका आभार जताया और स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा शहर की कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा।

---

पुलिस कराएगी डीएनए टेस्ट

# दुष्कर्म से गर्भवती हुई नाबालिग छात्रा ने दिया लड़के को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

शादीशुदा व्यक्ति द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ किए गए दुष्कर्म से गर्भवती हुई छात्रा ने लड़के को जन्म दिया है। छात्रा अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने से अनजान थी। जब उसे प्रसव पीड़ा हुई तो घरवालों को पता चला। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सेक्टर-10 थाना पुलिस ने छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक नाबालिग बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले एक शादीशुदा व्यक्ति ने दिसंबर 2024 से लेकर मार्च 2025 तक छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया। वह बच्ची को धमकी भी देता रहा, ताकि वह किसी को अपने साथ हुई घटना ना बताए। छात्रा काफी डर गई थी। इसलिए उसने अपने परिजनों के साथ-साथ किसी को भी इस बारे में जानकारी नहीं दी। बताया जा रहा है कि कादीपुर क्षेत्र में छात्रा अपने परिवार के साथ रहती है। उसी क्षेत्र में दुष्कर्म का आरोपी भी किराए पर रहता है। वह एक कंपनी में काम करता है। बताया जा रहा है कि फरवरी 2025 से उसने किराए का मकान खाली किया और वहां से चला गया। माना जा रहा है कि उसे भी इस बात का अंदेशा हो गया था कि उसके द्वारा किए गए कृत्य से छात्रा गर्भवती हो गई है। इसलिए वह वहां से फरार हो गया। बीते मंगलवार को छात्रा को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उसने लड़के को जन्म दिया। पुलिस ने शिकायत मिलने पर आरोपी राजेश की तलाश करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया। छात्रा अपने साथ हुए दुष्कर्म को लेकर किसी को डर के चलने कुछ बता नहीं पाई। वह सामान्य तौर पर स्कूल जाती रही। उसे गर्भवती होने का कोई अंदेशा नहीं था। जब उसे प्रसव पीड़ा हुई तो चिकित्सीय जांच हुई तो इसका खुलासा हुआ। छात्रा अभी अस्पताल में ही भर्ती है।

---

## दो दिवसीय आयोजन में देश की हस्तियों ने रखें अपने-अपने विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया

# समृद्धि हासिल करने के लिए भारत को अपने सांस्कृतिक मूल्यों में फिर से निवेश करना: अध्यक्ष शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नवाचार, आत्मनिर्भरता और समृद्धि विषय पर आधारित दो दिवसीय वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम (डब्लू एच इ एफ) 2025 में देश की हस्तियों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया।

उद्घाटन सत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, डब्लू एच इ एफ के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, हरि मोहन बांगुर, चेयरमैन, सीमेंट लिमिटेड तथा सज्जन जिंदल, चेयरमैन, जेएसडब्ल्यू ग्रुप सहित देश के



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आशय पत्र सौंपते।

प्रमुख उद्योगपति, नीति-निर्माता, स्टार्टअप संस्थापक, बिजनेस लीडर्स और निवेशक उपस्थित रहे। उद्घाटन दिवस पर हरि मोहन बांगुर ने देश की प्रतिभा, संसाधनों और प्रौद्योगिकी में निहित अंतर्निहित शक्ति पर बल देते हुए कहा कि नेतृत्व या प्रेरणा के लिए देश को बाहर देखने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय संस्कृति में धर्म ही अर्थ का मार्गदर्शन करता है और लाभ के साथ उत्तरदायित्व का होना अनिवार्य है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आर्थिक प्रगति केवल मुनाफे तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि सामाजिक दायित्वों से भी जुड़ी होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमें मैकाले आधारित शिक्षा प्रणाली से बाहर निकलकर अपने प्राचीन मूल्यों में पुनः निवेश करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने महाराष्ट्र में दो हजार रुपए करोड़ के निवेश के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक आशय पत्र भी सौंपा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम को सहयोग और संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा, वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम संपर्क और सहयोग स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। हमारी आर्थिक प्रणाली के मूल में एक अंतर्निहित हिंदू दर्शन है। यदि हम इसे सही रूप में समझें, तो हम एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरेंगे, सामाजिक समरसता को मजबूत करेंगे और वैश्विक मंच पर सार्थक योगदान देंगे। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और आर्थिक विकास में राज्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

---

### एक सप्ताह में 14 मामलों में 39 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 13 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच कार्रवाही करते हुए एक सप्ताह में 39 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 77,60,620 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद साइबर थानों की टीम ने 14 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 39 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हसन मलिक उर्फ सद्दाम, पुत्रः मोला बख्श, पताः मलिक सिटी कॉलोनी, गरी सबुल रोड, राशिद अली गेट, पुलिस थाना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 15/18, U/s 33/58 Delhi Excise Act, पुलिस थाना स्वरूप नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हसन मलिक उर्फ सद्दाम** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **हसन मलिक उर्फ सद्दाम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 15/18, U/s 33/58 Delhi Excise Act, पुलिस थाना स्वरूप नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **हसन मलिक उर्फ सद्दाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री ज्योति नैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उत्तरी**
**कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/17019/ON/2025**

## 14 दिसंबर को एक्यूआई पहुंच गया था 461

# दिल्ली झेल रही प्रदूषण का कहर, एक्यूआई 393 दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली इस बार प्रदूषण का कहर लगातार झेल रही है। बीते कई वर्षों बाद 2025 का दिसंबर महीना वायु प्रदूषण के मामले में बेहद प्रदूषित दर्ज हो रहा है। हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 14 दिसंबर 2025 को एक्यूआई 461 दर्ज किया गया, जो बीते आठ वर्षों में दिसंबर महीने का सबसे ऊंचा स्तर रहा है।

जबकि औसतन इस महीने के अभी तक सभी 20 दिन प्रदूषण के मामले में लगातार बेहद खराब श्रेणी व गंभीर श्रेणी वाले दर्ज हुए है। जाहिर है दिल्ली के लिए दिसंबर का महीना बेहद खराब दौर वाला साबित हो रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के पुराने आंकड़ों का आकलन करें तो लगभग 8 साल में यह दूसरा दिसंबर का महीना है जिसमें अभी तक सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण दर्ज हुआ है। सीपीसीबी के अनुसार इसी कड़ी में वीकेंड यानी रविवार को भी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) औसत 393 दर्ज किया हुआ, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी से प्राप्त सुबह आठ बजे के आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में 448, वजीरपुर में 443, बवाना में 439, जहांगीरपुरी में 438, डीटीयू में 433, मुंडका 433, रोहिणी 433, आनंद विहार में एक्यूआई 426, अशोक विहार में 425, पंजाबी बाग में 420, विवेक विहार 413, सोनिया विहार 410, द्वारका सेक्टर 8 इलाके में 408, आरके पुरम 394, आईटीओ में 393, बुराड़ी में 378, अलीपुर में 375, नजफगढ़ में 371, लोधी रोड 357, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 332 और आया नगर में 309 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## प्रदूषण फैलाने वालों पर एमसीडी ने लगाया 55 लाख का जुर्माना

**ग्रेप 4 दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें नागरिक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वायु प्रदूषण के उल्लंघन के प्रति अपने ज़ीरो टॉलरेंस नीति को तेज करते हुए दिसंबर महीने की अवधि के दौरान लोगों पर कुल 54.98 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

निगम प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह जुर्माना बायोमास जलाने और सीएंडडी कचरे की अवैध डंपिंग और अन्य उल्लंघनों को लेकर लगाया गया है। निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 1 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सभी 12 ज़ोन के विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण अभियान के लिए अधिकारियों के साथ कुल 356 निगरानी टीमें तैनात की गई हैं। दिल्ली नगर निगम ने कचरा या बायोमास को खुले में जलाने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, क्योंकि इसका उल्लंघन वायु प्रदूषण में एक बड़ा योगदान देता है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से एक बार फिर आग्रह किया है कि वे ग्रेप दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें और व्यापक जनहित में प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करें।

दिल्ली नगर निगम एमसीडी 311 ऐप, ग्रीन दिल्ली ऐप, समीर ऐप और सोशल मीडिया पर मिली ठोस अपशिष्ट की डंपिंग, मलबा हटाने, गड्ढों और सड़कों की मरम्मत से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतों का भी समाधान कर रही है और इस समाधान की मुख्यालय में साप्ताहिक बैठकों में नियमित रूप से निगरानी की जाती है।

**सर्दी का कहर...**



नई दिल्ली। खुद को सर्दी से बचाने के लिए लकड़ी जलाकर हाथ तापती महिला। फोटो : एजेंसी

# सार्वजनिक परिवहन को मजबूत कर दिल्ली में प्रदूषण घटाएगी सरकार : रेखा

**दिल्ली सरकार मेट्रो विस्तार को देगी प्राथमिकता, परिवहन बजट में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश की राजधानी व एनसीआर के प्रदूषण को प्रभावी रूप नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विशेषकर दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क को मजबूत व लास्ट कनेक्टिविटी तक पहुंचाना आवश्यक है। यह बात रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। उनका कहना है कि हमारी सरकार ने परिवहन विभाग को सुदृढ़ करने के लिए वर्तमान बजट में 60 प्रतिशत अधिक राशि का प्रावधान किया है। इस बजट में दिल्ली मेट्रो के विस्तार के लिए भी समुचित धनराशि रखी गई है, ताकि उसकी वर्तमान परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार दिल्ली मेट्रो की पुरानी देनदारियों को भी अदा कर रही है, जिसे पूर्व सरकारों ने अदा नहीं किया था। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली की पूर्व सरकारों ने राजधानी के परिवहन व्यवस्था को लेकर गंभीरता दिखाई होती तो आज दिल्ली को गंभीर प्रदूषण का सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) व अन्य सरकारी और शोध-आधारित स्त्रोतों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर का पर्यावरण बिगाड़ने और प्रदूषण को गंभीर बनाने में वाहनों से निकला उत्सर्जन प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस प्रदूषण को रोकने के लिए सार्वजनिक परिवहन सिस्टम को मजबूत किया जाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली प्रदूषण संकट और सड़कों पर वाहनों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नेट जीरो एमिशन' और आधुनिक परिवहन के विजन को धरातल पर लाने के लिए दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, विशेषकर दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) के विस्तार के लिए बजट की पर्याप्त व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र का विस्तार व मजबूती देने के लिए समुचित व्यवस्था की है। हमारी सरकार ने वर्तमान बजट में परिवहन विभाग को सुदृढ़ करने के लिए 9 हजार 110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह बजट पिछली सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में आवंटित 5 हजार 702 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक है।

## नियमों का उल्लंघन करने वाली 386 इकाइयों को किया गया सील : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाली 386 इकाइयों को मौके पर सील किया गया। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है।

मंत्री सिरसा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को लिखा कि प्रदूषण मुक्त दिल्ली के संकल्प के साथ, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार के कार्यकाल में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 जोनों में एमसीडी द्वारा कुल 5236 फैक्ट्रियों का सर्वे किया गया, जिनमें से कुल 430 इकाइयों को जल और वायु प्रदूषण फैलाने का दोषी पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाली 386 इकाइयों को मौके पर ही सील कर दिया गया। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि दिल्ली की हवा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, इसलिए हमारी टीमें जमीन पर उतरकर लगातार काम कर रही हैं। मेरी दिल्लीवासियों से अपील है कि दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। यदि आपके आस-पास कोई फैक्ट्री नियमों के विरुद्ध प्रदूषण फैला रही है, तो ग्रीन दिल्ली एप पर उसकी जानकारी दें। हम सब मिलकर ही दिल्ली को साफ हवा दे सकते हैं।

## तीन दिन में एक लाख पीयूसी के आवेदन आना सरकार के निकम्मेपन का सबूतः सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि मात्र तीन दिन में एक लाख से ज्यादा पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) का सर्टिफिकेट बनवाने के आवेदन आना भाजपा सरकार के निकम्मेपन का सबूत है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है, बल्कि इससे पता चलता है कि सरकार ने पहले सख्ती नहीं दिखाई। अगर पहले से ही पीयूसी बनवाने को लेकर सख्ती की गई होती तो आज दिल्ली में इतना प्रदूषण नहीं होता।

ट्रैफिक पुलिस लाखों गाड़ियों को बिना पीयूसी के क्यों चलने दे रही है। क्या यह नेहरू जी के दबाव में थी। उन्होंने कहा कि ये आवेदन इस बात का सबूत है कि लाखों गाड़ियां महीनों से दिल्ली की सड़कों पर गैरकानूनी तरीके से चल रही थीं। बिना चेक किए, बिना चालान के या बिना किसी की नजर में आए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में चौराहों पर, चौकियों पर, बॉर्डर पॉइंट्स पर, रूटीन पेट्रोलिंग में और ग्रैप लागू करने के अभियानों में लगभग 12 हजार से 13 हजार दिल्ली ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। उन्होंने कहा कि इतने मैनपावर, निगरानी और रोजाना चेकिंग के बावजूद यह सवाल लाजमी है कि इतनी बड़ी संख्या में बिना पीयूसी वाली गाड़ियां उनकी निगरानी में खुलेआम कैसे चल रही थीं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

## आप नेता प्रदूषण पर कर रहें हैं हास्यास्पद बातें : सचदेवा

**नई दिल्ली।** खेदपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में थी तब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं बाद में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रदूषण के कारकों को नहीं सम्भाला और विपक्ष में हैं तो अब हास्यास्पद बातें कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए यह बाते कही। उन्होंने आप के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज द्वारा प्रदूषण जैसे गम्भीर विषय पर सुपरमैन, स्पाइडरमैन, बैटमैन एवं सेंटा क्लोज की बेहोशी की बात जोड़ कर हास्य व्यंग्य करने की निंदा की और कहा कि आज दिल्ली वाले जो भुगत रहे हैं वह केजरीवाल की दिल्ली एवं पंजाब की सरकारों की लापरवाही का परिणाम है। सचदेवा ने कहा है कि सत्ता में रहते काम ना करके और अब प्रदूषण पर हास्यास्पद बातें कर केजरीवाल एवं सौरभ दोनों जनता के बीच अपनी छवि खो रहे हैं, बेहतर होगा केजरीवाल एवं सौरभ गम्भीरता से काम लें और प्रदूषण पर हास्य व्यंग्य नौटंकी करने की जगह दिल्ली वालों एवं सरकार को प्रदूषण की रोकथाम पर काम करने दें।

## विकास के लिए समाजसेवी संस्थाओं का सक्रिय सहयोग जरूरी : महापौर

**जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप, पुस्तकें, स्टेशनरी किए वितरित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश के बेहतर विकास के लिए समाजसेवी संस्थाओं का सक्रिय सहयोग जरूरी है और इसके बिना किसी भी प्रयास की पूर्णता संभव नहीं है। सरकार और समाज सेवी संस्थाओं के माध्यम से ही बेहतर समाज का विकास होता है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने रविवार को तरुण मित्र परिषद द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह में बतौर मुख्य अतिथि यह संबोधन दिया। उन्होंने बच्चों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु परिषद द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई एवं आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का आयोजन आई.टी.ओ. स्थित प्यारेलाल भवन में किया गया।

महापौर राजा इकबाल सिंह ने अपने संबोधन में तरुण मित्र परिषद के कार्यों की प्रशंसा की। परिषद के महासचिव एवं निगम पार्षद मनोज कुमार जैन ने जानकारी दी कि स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत महापौर ने 500 से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप, सहायक पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी एवं ट्रैक सूट वितरित किए। इसके साथ ही महापौर ने दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग, पोलियो कैलिपर्स तथा जरूरतमंद महिलाओं को बैटरी संचालित इलेक्ट्रिक सिलाई मशीनें भी वितरित की।

सभी अतिथियों ने परिषद की सेवा-प्रधान पहलों की सराहना करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। समारोह में परिषद के संस्थापक एवं वर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने परिषद के पिछले पाँच दशकों की सतत समाजसेवी यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निस्वार्थ सेवा, दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयास ही परिषद की निरंतर प्रगति का आधार रहे हैं।

## बेघरों की सुविधाओं के नाम पर भाजपा सरकार कर रही है खानापूर्ति : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में बेघरों को सुविधाओं के नाम केवल खानापूर्ति की जा रही है। यादव ने भाजपा सरकार से कहा है कि यह आंकड़ों की जादूगरी करना बंद करे और दिल्ली के रैन बसेरों में न्यूनतम मानकों का पालन करते हुए सुविधायुक्त व्यवस्था तुरंत करे। लेकिन भाजपा सरकार के मंत्री बयानबाजी कर रहे है कि दिल्ली में 20,000 से अधिक बेघरों के सोने की व्यवस्था है। जबकि दूसरी तरफ हालात यह है कि आज रैन बसेरों की संख्या कम है, इनमें महिला सुरक्षा, स्वच्छता, भोजन और कंबलों की तत्काल व्यवस्था की जरूरत है। दिल्ली के रैन बसेरों की स्वतंत्र एजेंसी द्वारा मॉनिटरिंग और सामाजिक ऑडिट कराया जाना चाहिए। वास्तविकता में सोने की उपलब्ध जगह प्रति व्यक्ति न्यूनतम 50 वर्ग फुट की जररूर होनी चाहिए और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अनुसार सोने के लिए उपलब्ध जगह 4,41,198 वर्ग फीट है, जो मात्र 8823 व्यक्तियों के लिए ही हो सकती है। जबकि मंत्री बयान दे रहे है कि 20,000 से अधिक बेघरों के सोने की व्यवस्था है। ऐसे में दिल्ली सरकार का बोर्ड ही रेखा गुप्ता और उसके मंत्री सूद के दावों की पोल खोल रहा है।

## दिल्ली देहात के किसान को 'कृषि रत्न पुरस्कार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिया सम्मान

दिल्ली देहात के दरियापुर कलां गांव के प्रगतिशील किसान सत्यवान को किसान ट्रस्ट द्वारा "चौधरी चरण सिंह सम्मान-2025" समारोह के दौरान कृषि रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने किसान सत्यवान को यह पुरस्कार विशेष रूप से कृषि एवं कृषक समुदाय के प्रति किए गए अमूल्य योगदान के लिए दिया। बताया गया कि किसान सत्यवान ने अपने कृषि संबंधी कार्यों और पहल के माध्यम से किसानों को जागरूक करते हुए किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में मदद की। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित पी.एच.डी. चैंबर ऑफ कॉमर्स में शनिवार को आयोजित किया। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ आदि मौजूद रहे।

## गुप्ता ने रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उद्घाटन केवल औपचारिकता नहीं होते, बल्कि वे सार्वजनिक कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह बात दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष एवं रोहिणी विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने सेक्टर-13 एवं सेक्टर-8, रोहिणी में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास के अवसर पर कही।

उन्होंने सेक्टर-13 में नवशक्ति अपार्टमेंट, शांति अपार्टमेंट एवं सूर्य अपार्टमेंट में वरिष्ठ नागरिक मनोरंजन केंद्रों के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। ये केंद्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सहभागिता, मनोरंजन, स्वास्थ्य एवं गरिमामय जीवनशैली को प्रोत्साहित करने वाले समर्पित सामुदायिक स्थल के रूप में विकसित किए जाएंगे। इसी अवसर पर गुप्ता ने सेक्टर-13 स्थित हिल अपार्टमेंट एवं केनरा अपार्टमेंट के पीछे स्थित पार्क में निर्मित गज़ेबो हट का उद्घाटन भी किया।

यह गजेबो पार्क में आने वाले नागरिकों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों एवं परिवारों के लिए विश्राम एवं आपसी संवाद हेतु एक सुगम एवं आकर्षक स्थल प्रदान करेगा। वहीं सेक्टर-8 में आधारभूत नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए गुप्ता ने पॉकेट एफ-18 में दो आरएमसी सड़कों के निर्माण हेतु शिलान्यास किया, जिससे सड़कों की मजबूती, यातायात की सुगमता एवं यात्रियों की सुरक्षा में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त पॉकेट बी-6 में जल पाइपलाइन के प्रतिस्थापन कार्य का भी शिलान्यास किया गया, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति की दक्षता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी।

## डीडीए का दो दिवसीय पीएम उदय शिविर संपन्न

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित दो दिवसीय पीएम उदय शिविर रविवार को संपन्न हुआ। दोनों दिन अलग अलग 10 जगहों पर लगे शिविरों में अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों ने अपने प्लाट से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर जानकारियों का फायदा उठाया। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री-अनधिकृत कॉलोनी दिल्ली आवास अधिकार योजना पीएम - दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनी आवास अधिकार योजना (पीएम-उदय) के तहत सिंगल विंडो कैंप फेज दो के शिविर लगाए गए। इन शिविरों में अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों को उनके आवास यानी प्लाट के कागजातों से जुड़े विभिन्न मामलों में निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई। जैसे स्वीकृत मामलों ए एस व सीडी का निष्पादन, मौजूदा अनुप्रयोगों में लंबित कमियों को दूर करने में विशेष सहायता, नए पंजीकरण और जीआईएस सर्वेक्षण में सहायता, पंजीकृत आवास के लिए आवेदन भरने में सहायता, आवश्यक दस्तावेज जैसे कि आई बांड, नोटरीकृत तैयार करने आदि में सहयोग किया गया। डीडीए का कहना है कि लंबे समय से ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**सफाई संबंधी शिकायतों के जल्द समाधान का दिया भरोसा**

# 'बांकनेर वार्ड में पार्षद ने मशीनों से कराई नालों-सीवर की सफाई'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ लंबे समय से जाम नालों और सीवर के कारण स्थानीय लोगों हो रही परेशानी

दिल्ली नगर निगम के बांकनेर वार्ड नंबर-2 से पार्षद दिनेश भारद्वाज ने वार्ड के सन्नौठ गांव और स्वतंत्र नगर क्षेत्रों में मशीनों के माध्यम से नालों और सीवर की गहन सफाई का कार्य कराया। लंबे समय से जाम नालों और सीवर के कारण स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। सफाई कार्य के दौरान पार्षद दिनेश भारद्वाज ने कहा कि 'जनसेवा के हर कदम पर हम आपके साथ हैं। बांकनेर वार्ड के किसी भी निवासी को यदि सफाई या सीवर से जुड़ी कोई शिकायत है, तो वह सीधे पार्षद कार्यालय या मुझसे संपर्क कर सकता है। समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।' स्थानीय निवासियों ने मशीनों से कराई जा रही सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जलभराव, बदबू और बीमारियों के खतरे से राहत मिलेगी। लोगों का कहना है कि नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाने से क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों में सुधार होगा। पार्षद ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सफाई कार्य की निगरानी लगातार की जाए, ताकि भविष्य में नालों और सीवर के जाम की समस्या दोबारा न उत्पन्न हो।


## 'आईएआरआई नवोन्मेषी किसान कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन कल से

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर - आईएआरआई) अपनी अनूठी पहल के तहत 'आईएआरआई नवोन्मेषी किसान कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन 23 और 24 दिसंबर को करेगा। पूसा संस्थान से रविवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान द्वारा आयोजित 'आईएआरआई नवोन्मेषी किसान कॉन्क्लेव-2025' उस दृष्टि को साकार करने का प्रयास है, जिसका स्वप्न भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने देखा था कि समृद्ध किसान ही देश को नई दिशा दे सकता है और वास्तविक अर्थों में राष्ट्र को विकसित बना सकता है। इस अनोखे मंच पर संस्थान द्वारा पिछले वर्षों में सम्मानित किसान नवप्रवर्तक स्वयं प्रस्तुतकर्ता होंगे। वे अपने खेतों में विकसित नवाचार, अनुभव और सफलताओं को देशभर से आए अन्य किसानों के साथ साझा करेंगे। ताकि किसान-से-किसान सीख की सशक्त परंपरा को नई गति मिल सके। 'आईएआरआई नवोन्मेषी किसान कॉन्क्लेव - 2025' न केवल किसानों की रचनात्मक शक्ति को पहचान देगा, बल्कि उनके नवाचारों को मुख्यधारा में लाकर समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित भारतीय कृषि की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध होगा।



# हैवान में खौफ पैदा करने वाले किरदार में आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार एक बार फिर अपने ट्रांसफॉर्मेशन से सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है निर्देशक प्रियदर्शन की अपकमिंग थ्रिलर फिल्म 'हैवान', जिसमें अक्षय कुमार और सैफ अली खान पहली बार इस अंदाज में आमने-सामने नजर आने वाले हैं। हाल ही में फिल्म से अक्षय कुमार का एक लीक लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी है। इस फिल्म में अक्षय न तो हंसी का तड़का लगाते नजर आएंगे और न ही हल्के-फुल्के अंदाज में दिखेंगे, बल्कि वह एक गंभीर, रहस्यमयी और खौफ पैदा करने वाले किरदार में नजर आने वाले हैं।



लाइफStyle

# तमन्ना

## 16 साल में डेब्यू, लेकिन राह आसान नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ग्लैमर, ग्रेस और गजब के आत्मविश्वास की मिसाल बन चुकी तमन्ना आज सिर्फ एक सफल अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक मल्टीटैलेंटेड आर्टिस्ट, फैशन आइकन और स्मार्ट एंटरप्रेन्योर के तौर पर भी पहचानी जाती हैं। तमन्ना आज उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में शुमार हैं जिन्होंने बॉलीवुड और साउथ, दोनों ही जगह अपना सिक्का जमाया है।

बेहद कम उम्र में इंडस्ट्री में कदम रखने वाली तमन्ना ने मेहनत, धैर्य और निरंतर सीखने की लगन से वो मुकाम हासिल किया है, जहां पहुंचना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। बचपन से ही उन्हें अभिनय और परफॉर्मिंग आर्ट्स में गहरी रुचि थी। महज 13 साल की उम्र में उन्होंने थिएटर और एक्टिंग की प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेना शुरू कर दिया। पृथ्वी थिएटर में मंचीय अभिनय ने उनकी नींव मजबूत की, जिससे भावनाओं को पर्दे पर सहजता से उतारने की कला उन्होंने बहुत कम उम्र में सीख ली। तमन्ना ने साल 2005 में 16 साल की उम्र में हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से बॉलीवुड में कदम रखा। भले ही यह फिल्म उन्हें बड़ी पहचान न दिला पाई, लेकिन यहीं से उनके सपनों को उड़ान मिली। शुरुआती संघर्षों के बाद तमन्ना ने साउथ इंडस्ट्री का रुख किया और यही फैसला उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। तमिल और तेलुगु सिनेमा में तमन्ना ने एक के बाद एक हिट फिल्मों से खुद को टॉप एक्ट्रेसेज की लिस्ट में शामिल कर लिया। साउथ के दर्शकों ने उनकी मासूमियत, स्क्रीन प्रेजेंस और मेहनत को दिल से अपनाया। कुछ ही वर्षों में वह बड़े सितारों के साथ लीड रोल करने लगीं और ब्यूटी क्वीन का खिताब उनके नाम हो गया।

हॉलीवुड मसाला



# सड़कों पर रहकर जिंदगी बिता रहा

**लॉस एंजिल्स।** एक समय था जब टायलर चेज टीवी स्क्रीन पर मासूम मुस्कान और चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतते थे। निकेलोडियन के मशहूर शो 'नेड्स डी-क्लासिफाइड स्कूल सर्वाइवल गाइड@ में मार्टिन का किरदार निभाकर उन्होंने बच्चों और युवाओं के बीच खास पहचान बनाई थी। लेकिन. आज वही चेहरा कैलिफोर्निया की सड़कों पर बदहाली की हालत में दिख रहा है, जिसे देखकर फैंस सदमे में हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ।



# टॉम के लिए बेहद खास है स्पाइडरमैन- ब्रैंड न्यू डे

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के लिए बड़ी खबर सामने आई है। टॉम हॉलैंड स्टारर 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग पूरी कर ली गई है। लंबे समय से चर्चा में बनी इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। जैसे ही शूटिंग खत्म होने की पुष्टि हुई, सोशल मीडिया पर फैंस की एक्साइटमेंट साफ नजर आने लगी। यह फिल्म न सिर्फ स्पाइडर-मैन फ्रैंचाइजी का अगला अहम पड़ाव मानी जा रही है, बल्कि टॉम हॉलैंड के कॅरियर के लिए भी बेहद खास बताई जा रही है। फिल्म के निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने खास तौर पर टॉम हॉलैंड की सराहना की। उन्होंने कहा कि टॉम सिर्फ स्क्रीन पर ही नहीं, बल्कि सेट के बाहर भी एक मजबूत लीडर की तरह टीम का मार्गदर्शन करते रहे।



# टॉक्सिक का फर्स्ट लुक जारी...

**मुंबई।** यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' लंबे समय से चर्चा में है। इस मूवी को लेकर लोगों के बीच काफी बज बना हुआ है। कुछ समय पहले एक्टर का फर्स्ट लुक रिवील किया गया था, जो कि काफी दमदार था और इन्टेंस था। अब इसकी लीड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के किरदार नादिया का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। जिसका पोस्टर एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। कियारा फिल्म 'टॉक्सिक' के पोस्टर में काले रंग के ऑफ-शोल्डर, थाई-हाई स्लिट गाउन में डांस फ्लोर पर स्पॉटलाइट के बीच खड़ी हैं और कैमरे से दूर, गहरी सोच में डूबी हुई नजरों से देख रही हैं। उनकी आंखों से आंसू बहते नजर आ रहे हैं। उनका लगभग गॉथिक लुक देखकर फैंस उनकी तुलना टिम बर्टन की फिल्मों के किरदारों और यहां तक कि डीसी कैरेक्टर हार्ली क्विन से कर रहे हैं।



# प्रेम की बेटी को स्कूल में चिढ़ाते थे बच्चे

**नई दिल्ली।** प्रेम चोपड़ा, इंडस्ट्री का वो नाम जिन्होंने हिंदी सिनेमा में कई दशक राज किया है। उन्होंने एक से एक रोल किए और खूब नाम कमाया। वह अपने करियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल के जरिए पहचाने गए. मगर विलेन बनना इतना भी आसान नहीं होता, जितना अक्सर हमें लगता है। प्रेम चोपड़ा ने लेटेस्ट इंटरव्यू में नेगेटिव रोल के असर को लेकर बातचीत की। उन्होंने बताया कि किस तरह उनकी बेटी पर उनके खलनायक वाले रोल्स का असर पड़ता था। एक बार तो उनकी छोटी बेटी रकिता नंदा को सुनने को मिला था। बेटी ने उनसे शिकायत भी की थी। अरबाज खान के शो में प्रेम चोपड़ा ने बेटी रकिता की परेशानी पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने बताया कि बेटी को लोग स्कूल में चिढ़ाते थे कि तुम्हारे पिता क्या काम करते हैं।

टीवी मसाला

# 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' बोलने में अटके अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का प्रमोशन करने पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने दोनों से कई मजेदार सवाल किए। कई दिलचस्प किस्से भी साझा किए गए। इस बीच एक पल ऐसा भी रहा, जब अमिताभ बच्चन इस फिल्म के नाम का उच्चारण कर रहे थे, मगर यह उनके लिए काफी मुश्किल रहा। रविवार को कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है, जो केबीसी 17 के सेट की है। इसमें कार्तिक, अनन्या पांडे और अमिताभ बच्चन दिख रहे हैं। अमिताभ बच्चन कार्तिक की आगामी फिल्म के टाइटल का उच्चारण कर रहे हैं और बार-बार बोलते-बोलते अटक जाते हैं। कई प्रयास के बाद वे सही तरीके से नाम ले पाने में सफल होते हैं। समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी कार्तिक और अनन्या की यह फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आज साझा किए गए पोस्ट के साथ कार्तिक आर्यन ने काफी मजेदार कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा है, 'कह दिया ना! बस!! कह दिया 25 दिसंबर।' इस पोस्ट पर नेटिजन्स के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं।



## बादलों के ऊपर ले जाकर दिखाया चांद

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा हाल ही में कपिल शर्मा के शो में नजर आईं। देसी गर्ल ने यहां अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी कई बातें साझा कीं। प्रियंका और उनके पति निक जोनस अक्सर कपल गोल्स देने के लिए जाने जाते हैं। शो के दौरान प्रियंका ने अपने रिश्ते से जुड़ा एक ऐसा किस्सा साझा किया, जिसने फैंस का दिल जीत लिया। शो के दौरान प्रियंका ने बताया कि करवा चौथ के मौके पर उन्होंने और निक ने कई अजीब जगहों पर चांद देखने की कोशिश की है। एक बार निक का स्टेडियम में शो चल रहा था, हजारों लोग मौजूद थे, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से चांद नजर ही नहीं आया। समय बीतता गया, रात गहराती गई, लेकिन बादलों के कारण चांद छिपा रहा। इसके बाद प्रियंका ने जो किस्सा सुनाया, वही इस एपिसोड का सबसे खास पल बन गया। उन्होंने बताया कि निक ने करवा चौथ को खास बनाने के लिए उन्हें एक प्लेन में बैठाया और बादलों के ऊपर ले गए। वहां जाकर प्रियंका ने आखिरकार चांद के दर्शन किए और वहीं अपना व्रत तोड़ा। इस रोमांटिक खुलासे पर दर्शकों के साथ-साथ शो में मौजूद कलाकार भी हैरान रह गए। प्रियंका के इस खुलासे पर कपिल शर्मा ने चुटकी लेते हुए पूछा कि क्या बस व्रत ही टूटा? इस पर प्रियंका ने हंसते हुए जवाब दिया कि उन्होंने मिठाई भी खाई।



# 500 करोड़ पार हुई धुरंधर, अवतार फायर एंड ऐश भी दे रही कड़ी टक्कर

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों 'धुरंधर'की धूम देखने को मिल रही है। वहीं अब अवतारः फायर एंड ऐश ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इसके अलावा कपिल शर्मा की किस किसको प्यार करूं 2 और'अखंडा 2 भी इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर लगी हुई हैं।

*अवतारः फायर एंड ऐश :* जेम्स कैमरून की अवतार की एक बार वापसी हुई है। इस सीरीज की तीसरी कड़ी 'अवतारः फायर एंड ऐश' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म ने पहले दिन कुल 20.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इसमें सबसे ज्यादा 9 करोड़ रुपए अंग्रेजी में कमाए हैं। इसके अलावा हिंदी में 5.5 करोड़, तमिल में 2.60 करोड़, तेलुगु में 2.85 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। जबकि कन्नड़ में 8 लाख और मलयालम में 2 लाख रुपए ही फिल्म कमा पाई। वहीं, अब दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 22.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। कुल कमाई की बात करें तो दो दिनों में फिल्म ने भारत में 41.50 करोड़ कमा लिए हैं।



*धुरंधर :* रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का बॉक्स ऑफिस पर तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 16वें दिन यानी तीसरे शनिवार को 33.5 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म की कुल कमाई अब सीधे 516.81 करोड़ जा पहुंची है। फिल्म ने कलेक्शन के मामले में साल की बड़ी-बड़ी फिल्मों को अब पीछे छोड़ दिया है। इसने 500 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर लिया है।

*दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी :* संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की कॉमेडी सटायर फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' भी इस शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। हालांकि, 'धुरंधर' के आगे फिल्म को गिने-चुने शो ही मिले हैं। ऐसे में फिल्म ने अपने पहले दिन सिर्फ 8 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन सिर्फ 10 लाख की कमाई की है। अब तक फिल्म ने 16 लाख की कमाई ही की है।

*किस किसको प्यार करूं 2 :* कपिल शर्मा की 'किस किसको प्यार करूं 2' भी अब एक हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर सांसें भरने लगी है। फिल्म ने आठवें दिन शुक्रवार को सिर्फ 22 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। वहीं, नौवें दिन यानी दूसरे शनिवार को फिल्म ने 35 लाख की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 11.42 करोड़ रुपए तक ही पहुंच पाया है।

# 65 साल पुरानी मूवी का ये सॉन्ग आज भी है कल्ट...

**नई दिल्ली।** गानों को फिल्मों की जान माना जाता है। पुराने दौर से चला आ रहा है कि कल्ट क्लासिक सॉन्ग हमेशा से श्रोताओं की पहली पसंद बने रहे हैं। इसी आधार पर आज हम आपको 65 साल पुराने गाने की इनसाइड स्टोरी बताने जा रहे हैं, जिसका चयन संगीतकार ने 105 गानों को रिजेक्ट करने के बाद किया था। इतना ही नहीं, इस सॉन्ग की शूटिंग के लिए मेकर्स ने एक भव्य सेट तैयार किया था, जिसके लिए उस जमाने में 1 करोड़ की मोटी लागत भी लगी थी। सुरों की कोकिला लता मंगेशकर ने उस गीत को अपनी मधुर आवाज दी थी और आज भी ये गाना हर किसी का फेवरेट माना जाता है।

***हिंदी सिनेमा का कल्ट क्लासिक गीत :*** जिस गाने के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है। उसे 1960 में रिलीज होने वाली फिल्म मुगल-ए-आजम में दिखाया गया था। निर्देशक के एस आसिफ की इस ऑल टाइम फेवरेट फिल्म के संगीतकार नौशाद थे और वह गाना एक्ट्रेस मधुबाला पर फिल्माया गया,



जब प्यार किया तो डरना क्या... था। इस गानों को बनाने से पहले नौशाद ने 105 गानों को रिजेक्ट किया था, तब जाकर इसे फानइल किया था। मुगल-ए-आजम के गीतकार शकील बदांयूनी ने इसे लिखने में काफी मेहनत की और 106 बार में वह इसमें कामयाब हुए। ऐसे जाकर मुगल-ए-आजम का जब प्यार किया तो डरना क्या गाना फाइनल हुआ था। गायिका लता मंगेशकर ने इस गाने को अपनी जादुई आवाज में गाया था, 6 मिनट 16 सेकेंड का गाना सुनने के बाद आज भी आपके दिल को सुकून मिलेगा। इस तरह मधुबाला का ये आइकॉनिक सॉन्ग बनकर तैयार हुआ था।

***खर्च हुए थे एक करोड़ रुपए :*** के आसिफ की मुगल-ए-आजम को बनने में करीब 16 साल का लंबा समय लगा था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर पानी की तरह पैसा बहाया था। खासतौर पर फिल्म के जब प्यार किया तो डरना क्या गाने पर, आईएमडीबी की रिपोर्ट के अनुसार इस गीत का बजट 1 करोड़ था, क्योंकि इसे भव्य सेट पर फिल्माया गया था, जो राज दरबार जैसा दिखता हो। गाने को देखने को देखने के बाद आपको इस बात का अंदाजा आसानी से लग जाएगा।

## ओटीटी से लेकर थिएटर तक कई शानदार फिल्में हुईं रिलीज

# इस साल पर्दे पर खौफनाक रूप दिखाकर महफिल लूट ले गए ये सितारे

*नई दिल्ली। सिने प्रेमियों के लिए साल 2025 कई मायनों में खास रहा है। ओटीटी से लेकर थिएटर तक कई शानदार फिल्में रिलीज हुईं। किसी भी फिल्म में मेन किरदार की एक्टिंग के साथ-साथ साइड रोल भी मायने रखते हैं। खासकर खलनायक के किरदार पर दर्शकों का खास फोकस रहता है। इस साल कई फिल्मों में विलेन का किरदार हीरो पर भारी रहा।*

### अक्षय खन्ना

आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। उनके अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, माधवन और अक्षय खन्ना जैसे सितारे हैं। अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। यह खौफनाक किरदार अक्षय ने इतना बखूबी अदा किया है कि दर्शक उनके मुरीद हो गए हैं। उनका डांस तो वायरल हो गया है।

### रणदीप हुड्डा

सनी देओल अभिनीत फिल्म 'जाट' में रणदीप हुड्डा भी नजर आए। उन्होंने 'राणातुंगा' का किरदार फिल्म में अदा किया। इस रोल में उनका जो जंगलीपन और ताकत दिखाई, दर्शक हैरान रह गए। एक्शन के दीवानों को रणदीप का काम काफी पसंद आया।



### रितेश देशमुख

अजय देवगन अभिनीत फिल्म 'रेड 2' भी इस साल रिलीज हुई। इस फिल्म में रितेश देशमुख ने अपने नेगेटिव रोल से चौंका दिया। वे अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर हैं। मगर, इस फिल्म में उन्होंने एक भ्रष्ट और शातिर केंद्रीय मंत्री 'दादा मनोहर भाई' का किरदार निभाया। उनका यह रूप देख लोग हैरान रह गए।

### फरदीन खान

*फिल्म 'हाउसफुल 5' में फरदीन खान का खूंखार अंदाज देखने को मिला। इस मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म में फरदीन खान ने 'देव डोबरियाल' बनकर जो सस्पेंस पैदा किया, दर्शकों ने खूब तारीफ की। फिल्म के आखिर में उनका विलेन के रूप में सामने आना, इस साल के सबसे बड़े ट्विस्ट्स में से एक था।*

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी

*मैडॉक फिल्म्स की 'थामा' इस साल रिलीज हुई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'यक्षासन' अवतार में नजर आए। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में उन्होंने अपनी डरावनी हंसी और दमदार अभिनय से चार चांद जड़ दिए। इस फिल्म में भी आयुष्मान खुराना से ज्यादा नवाज के चर्चे थे।*

## खबर संक्षेप

### हाथियों की आवाजाही, 3 दिन तक पैसेंजर ट्रेनें रद्द



**सिंहभूम।** झारखंड के सिंहभूम और ओडिशा के झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच रेल पटरियों के पास हाथियों की आवाजाही के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। दक्षिण पूर्वी रेलवे की ओर से जारी बयान के मुताबिक, चक्रधरपुर डिवीजन में हाथियों के झुंड की आवाजाही के कारण 22 दिसंबर से 3 दिनों के लिए आधे दर्जन से ज्यादा पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

### मोतिहारी मेयर के पति पर एक लाख का इनाम



**मोतिहारी।** मोतिहारी की मेयर प्रीति कुमारी के पति व राजद नेता देवा गुप्ता की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनके ऊपर पुलिस ने एक लाख का इनाम रखा है। देवा गुप्ता पर हत्या, रंगदारी, जमीन कब्जा समेत 28 संगीन मामले दर्ज हैं। दो मामलों में फरार बताए जा रहे हैं। जिले के 100 अपराधियों की लिस्ट में देवा टॉप पर हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने जिले में सक्रिय व फरार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है।

### बेसमेंट निर्माण के दौरान गिरी दीवार,2 की मौत



**आगरा।** यहां मकान के बेसमेंट निर्माण के दौरान निर्माणधीन एक दीवार भरभराकर गिर गई। पास में ही ताश खेल रहे सात लोग दीवार के तलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की खबर पाकर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और दीवार के नीचे दबे लोगों को निकाला गया। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गुरु तेग बहादुर ने मानवता, धर्म और सत्य के लिए सर्वस्व अर्पण कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब गोबिंदपुरा, भम्भौली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा गुरु तेग बहादुर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस पवित्र धरा पर आप सबके बीच में आकर मेरा मन श्रद्धा और गौरव से भर गया है। आज हम यहां उस महान विरासत को नमन करने आए हैं, जिसने न केवल भारत की अस्मिता को बचाया, बल्कि मानवता को धर्म और सत्य के लिए सर्वस्व अर्पण करने का मार्ग दिखाया। आज का यह शहीदी समागम गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी तथा माता गुजर कौर और चारों साहिबजादों की महान शहादत को समर्पित है। उन्होंने कहा कि समागम में पंथ के महान कीर्ति जत्थे और विद्वान कथा वाचको द्वारा जो गुरुवाणी का प्रवाह यहां हो रहा है, उससे हमारी साध संगत तो निहाल होगी ही, साथ ही हमारी युवा पीढ़ी भी गुरु साहिबान और वीर साहिबजादों की शहादत से प्रेरित होगी। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा ट्रस्ट को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री को सरोपा, गुरु तेग बहादुर का चित्र व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।

- मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा ट्रस्ट को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की

गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी समागम पर सीएम ने गुरुद्वारा साहिब गोबिंदपुरा में माथा टेका



### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस समागम में बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह गुरु साहिब की उस शिक्षा का ही विस्तार है, जिसमें कहा गया है कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने रक्तदान के लिए उमड़े युवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। साथ ही, इस समागम के आयोजन के लिए बाबा जसदीप सिंह व आयोजकों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सरबंसदानी दशम पातशाह गुरु गोबिन्द सिंह के परिवार की शहादत को दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। केवल 6 और 9 वर्ष की छोटी सी आयु में शहादत देने वाले उनके वीर बेटों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी को जब भी याद किया जाता है, तो हर किसी की जुबान से निक्किया जिंदा वड्डा साका शब्द निकलते हैं।उन्होंने कहा कि दुनिया के इतिहास में ऐसी कोई मिसाल नहीं मिलती, जहां मासूम बच्चों ने धर्म की रक्षा के लिए दीवारों में जिंदा चिनवाना स्वीकार कर लिया लेकिन झुकना स्वीकार न किया हो। उनके परिवार के सभी सदस्यों ने धर्म व आम जन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

### नदी संरक्षण की रक्षक बनी योगी सरकार

# गंगा-यमुना को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए शुरू हुआ ऐतिहासिक अभियान

» यूपी में सीएम योगी के नेतृत्व में नदियों के संरक्षण व पुनरुद्धार के लिए चलाई जा रही मुहिम अब एक 'नेशनल बेंचमार्क' बन गई है। अत्याधुनिक तकनीक-विजन के संगम से यूपी ने नदी संरक्षण में सफलता हासिल की है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नदियों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए चलाई जा रही मुहिम अब एक 'नेशनल बेंचमार्क' बन गई है। अत्याधुनिक तकनीक और विजन के संगम से यूपी ने नदी संरक्षण में जो सफलता हासिल की है, उसे देखते हुए केंद्र सरकार ने अब इस मॉडल को पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया है। पहली बार किसी राज्य ने हाई-टेक रिवर ड्रोन सर्वे सिस्टम का इतना व्यापक और सटीक उपयोग किया है, जिसने नदियों की सफाई की राह आसान कर दी है।

**खास बातें**

- नदी संरक्षण में यूपी का मॉडल बना नेशनल बेंचमार्क
- कानपुर की नदियों में गिरने वाले प्रदूषकों पर लगाम लग जाएगी



#### कानपुर बनेगा 'जीरो डिस्चार्ज' का गवाह

इस तकनीक का सबसे बड़ा और तत्काल लाभ कानपुर जिले को मिलने जा रहा है। सर्वे से प्राप्त डेटा के आधार पर नदियों में 'जीरो डिस्चार्ज' की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके लागू होते ही कानपुर की नदियों में गिरने वाले प्रदूषकों पर पूरी तरह लगाम लग जाएगी, जिससे नदियां अपने पुराने स्वरूप में लौट सकेंगी।

#### गोमती के कायाकल्प को मिली नई संजीवनी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए, राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के लिए ड्रोन आधारित संपूर्ण पुनरुद्धार कार्ययोजना बनाई जा रही है। अब नालों की टैपिंग और प्रदूषण नियंत्रण के लिए फाइलों के बजाय डिजिटल मैप और रियल-टाइम डेटा का उपयोग होगा, जिससे गोमती के कायाकल्प को नई दिशा मिलेगी।

#### तकनीक से पर्यावरण और रोजगार का संगम

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिन्दर सिंह के अनुसार, ₹मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रयास न केवल नदियों को स्वच्छ बना रहे हैं, बल्कि गांव-गांव में स्वच्छता, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं।₹ यूपी की इस जनकल्याणकारी नीति और तकनीक के तालमेल ने आज प्रदेश को जल संरक्षण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बना दिया है।

#### 150 किमी क्षेत्र का ड्रोन सर्वे

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन ने गंगा, यमुना, गोमती, वरुणा और पांडु जैसी प्रमुख नदियों के लगभग 150 किलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन सर्वे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों में हुए इस सर्वे से नदियों की वास्तविक स्थिति, प्रदूषण के सटीक स्त्रोतों और उन पर गिरने वाले अवैध नालों की पहचान करना अब बेहद आसान हो गया है।

### विशिष्ट कार्य के लिए सीएम ने किया सम्मानित

# यूपी में लघु व सीमांत किसानों को 6% ब्याज पर मिलेगा लोन



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु व सीमांत किसानों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक का रेट ऑफ इंटरेस्ट लगभग साढ़े 11 फीसदी है। किसानों को इसका काफी ब्याज देना होता है। सरकार इसे कम करने की दिशा में बढ़ रही है। लघु व सीमांत किसान को यह लोन अब महज 6 फीसदी पर मिले।

प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत छह प्रतिशत पर लोन एलडीबी के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। शेष योगदान राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा।

#### » जवाबदेही की कार्रवाई बढ़ी

सीएम ने कहा कि 11 वर्ष में हमने बदलते भारत में देखा है कि तकनीक का उपयोग कर जीवन को सरल बनाते हुए भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था दी जा रही है। डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और पारदर्शी नीतियों से सहकारिता क्षेत्र में सुशासन व जवाबदेही सुनिश्चित होने की कार्रवाई बढ़ी है। एम पैक्स के माध्यम से बहुद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों के सदस्यता का विस्तार, वित्तीय समावेशन को जोड़ते हुए इसे बढ़ाने, कृषि व ग्रामीण विकास को बढ़ाने व सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान किया गया है।

## पेज एक का शेष

### अटल जी के ....

को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी प्रचारक, लेखक, पत्रकार, कवि, राजनेता और अनेकों रूपों में अपनी छाप छोड़ गए। इमरजेंसी में इतने बड़े नेता होते हुए भी वे सहज रूप से जेल चले गए। 24 दलों के साथ मिलकर सरकार चलाने का काम सिर्फ अटल जी ही कर सकते थे। परमाणु परीक्षण करके उन्होंने पूरी दुनिया में भारत की शक्ति का परिचय करवाया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा वे एक विराट व्यक्तित्व थे। उनका व्यक्तित्व राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। उन्होंने भारतीय राजनीति में समानता का भाव स्थापित किया।

### बीएसएफ भर्ती में....

मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी एक नोटिफिकेशन के मुताबिक, यह बढ़ोतरी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, जनरल ड्यूटी कैडर (नॉन-गजेटेड) रिक्रूटमेंट रूल्स, 2015 में संशोधन करके की गई है। साथ ही पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच साल तक की, जबकि बाकी पूर्व अग्निवीरों को तीन साल की छूट मिलेगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों कोफिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट और फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट से भी छूट दी जाएगी।

### अधिकार को 'एहसान'...

लेकिन भाजपा सरकार ने इसे अधिकार से हटाकर सरकारी कृपा पर निर्भर बना दिया है। परिणामस्वरूप ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी, असुरक्षा और आर्थिक संकट बढ़ा है तथा करोड़ों परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला हुआ है। उन्होंने बताया कि इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने रविवार को देशभर में सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों के माध्यम से पार्टी उन श्रमिकों और मजदूर परिवारों के साथ खड़ी है, जिनकी रोज़ी-रोटी और गरिमा खतरे में है। कांग्रेस महासचिव के अनुसार, मनरेगा के अधिकार पर हुए इस "गंभीर हमले" पर 27 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में पार्टी आगे की रणनीति और संघर्ष के अगले चरण पर निर्णय लेगी। इसके बाद 28 दिसंबर, जो कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस है, उस दिन देशभर में मंडल और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में कांग्रेस कार्यकर्ता महात्मा गांधी के चित्र लेकर उनकी विचारधारा और संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय, गरिमा और काम के अधिकार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे। वेणुगोपाल ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा और ग्रामीण श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रखेगी और किसी भी कीमत पर संविधान के मूल्यों से समझौता नहीं करेगी।

### बर्फबारी के चलते...

रविवार को खत्म हो गया, जब बारिश और बर्फबारी ने हवा से सभी सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर को धो दिया, जिससे सांस लेना सुरक्षित और आसान हो गया। लोगों ने मौसम की पहली बर्फबारी और बारिश से राहत की सांस ली। शहर और कस्बों में हवा साफ हो गई। इस मौसम में पहली बार श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में क्रमशः माइनस 1.5 डिग्री और 2.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में मौजूद सभी बारहमासी पानी के जलाशय चिल्लई कलां के दौरान भारी बर्फबारी से भर जाते हैं। रात भर बादल छाए रहने की वजह से पूरी घाटी में रात का तापमान बढ़ गया। इस मौसम में पहली बार श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में क्रमशः माइनस 1.5 डिग्री और 2.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 11.5, कटरा शहर में 11.6, बटोटे में 7.6, बनिहाल में 6 और भद्रवाह में 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

### एनआईए ने कोर्ट ....

विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) राहुल त्यागी ने कहा, हमारे पास संगठन के खिलाफ सबूत हैं एक संरक्षित गवाह ने हमें बताया कि पीएफआई कक्षाओं में यह सिखाता था कि अगर भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध करता है। तो ध्यान उत्तर पर केंद्रित होगा और उस समय, वे दक्षिण से हमला करेंगे और दक्षिण भारत पर कब्जा कर लेंगे'। उन्होंने आगे कहा, पीएफआई भारत में इस्लाम के खतरे में होने का दुष्प्रचार फैलाकर हिंदुओं के खिलाफ दुश्मनी और नफरत भड़का रही थी। उन्होंने ऐसे दुष्प्रचार से आसानी से प्रभावित होने वाले मुस्लिम युवाओं की पहचान की और उन्हें 'जिहाद में भाग लेने' के लिए कट्टरपंथी बना दिया। पीएफआई नेताओं पर लगे आरोपों पर त्यागी ने कहा, वे अपने कार्यकर्ताओं को आईएसआईएस से रणनीति सीखने के लिए सीरिया भेज रहे थे ताकि इन्हें भारत में लागू किया जा सके। उन्होंने विशेष दस्ते बनाये थे जो भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) नेताओं की सूची तैयार रखते थे और उन पर नजर रखते थे। एसपीपी त्यागी ने कहा, पीएफआई ने अपने सदस्यों को आईएसआईएस में शामिल होने और भारत में खिलाफत और शरिया कानून स्थापित करने के लिए उकसाय। वे हिंदू और मुसलमानों के बीच फूट डालने के लिए भाषण दे रहे थे। प्रचार यह किया जा रहा था कि मुगलों के शासनकाल में भारत इस्लामी था, लेकिन उनके पतन के बाद मुसलमानों की स्थिति बिगड़ गई। अभियोजक, जिनके साथ वकील जतिन, अमित रोहिल्ला और शुभम गोयल भी मौजूद थे। उन्होंने संरक्षित गवाहों के विभिन्न बयान भी पढ़े, जिनका उपयोग मामले को मजबूत बनाने के लिए किया गया था।

### इस्लामी शासन को...

भर्ती किए गए सदस्यों से 'बैतुलमाल' के रूप में मासिक राशि प्रदान करने के लिए कहा गया था। जो संयोगवश इस्लामी दुनिया के पहले खलीफा द्वारा पहली बार लगाया गया था। सदस्यों को सीरिया में आईएसआईएस में शामिल होने और लड़ने के तरीकों को सीखने के लिए प्रेरित किया गया था। गृह मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में पीएफआई सदस्यों से कई बार सामान बरामद किया गया है, जिनमें आईईडी बनाने के तरीके से संबंधित दस्तावेज और भारत को इस्लामी राज्य में बदलने से संबंधित सामग्री वाले दस्तावेज, हैंडहेल्ड मरीन रेडियो सेट, आईएस समर्थक वीडियो वाली पेन ड्राइव, गोला-बारूद और हथियार शामिल हैं।

### बांग्लादेश में हिंदुओं....

चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां हालात काफी कठिन हैं। ऐसे में अपनी सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं के भीतर रहकर जितनी मदद कर सकते हैं, उतनी करनी चाहिए और हम कर भी रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुओं के लिए एकमात्र देश भारत है, इसलिए भारत सरकार को इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. भागवत का पूरा भाषण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा, 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' की सोच और एकजुट हिंदू समाज के साथ समृद्ध भारत के लक्ष्य पर केंद्रित रहा।

### संघ को भाजपा के ....

हिंदू समाज के संगठन, उन्नति और संरक्षण के लिए समर्पित है। कई लोगों में संघ को भाजपा के नजरिए से समझने की प्रवृत्ति होती है, जो एक बहुत बड़ी गलती है। संघ की स्थापना का सार एक ही वाक्य में है भारत माता की जय।

### बांग्लादेश हाई कमीशन ....

ने कहा इस दौरान न तो किसी तरह की बैरिकेड तोड़ने की कोशिश हुई और न ही कोई सुरक्षा स्थिति बनी। बांग्लादेश के कुछ मीडिया में इस घटना को बढ़ा-चढ़ाकर और गलत तरीके से पेश किया गया है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत अपने क्षेत्र में स्थित सभी विदेशी मिशनों और राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा वियना कन्वेंशन के तहत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत बांग्लादेश में हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। भारतीय अधिकारी बांग्लादेशी प्रशासन के संपर्क में हैं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर अपनी गहरी चिंता भी जता चुके हैं। एमईए ने यह भी आग्रह किया कि दीपू चंद्र दास की हत्या के दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाए।

### 45 किमी का सफर मिनटों में होगा पूरा

# कैमूर के टूरिस्ट स्पॉट का मजा अब रोपवे से ,ट्रायल सफल



एजेंसी ▶▶ रोहतास

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित दौरे से पहले रोहतास जिले में पर्यटन को नई दिशा देने वाली बड़ी पहल सफल रही। कैमूर पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध रोहितेश्वर धाम और ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला तक पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से रोपवे का सफल ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों की मौजूदगी में मशीनरी की कार्यक्षमता, केबिन की क्षमता, गति नियंत्रण प्रणाली, आपातकालीन ब्रेक सिस्टम, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा मानकों की जांच की गई।

कई बार ऊपर-नीचे चलाकर रोपवे के संतुलन और विश्वसनीयता की परख की गई, ताकि भविष्य में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रायल की सफलता के बाद स्थानीय लोगों और पर्यटकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अब तक श्रद्धालुओं और सैलानियों को कैमूर पहाड़ी के दुर्गम रास्तों से होकर घंटों की कठिन यात्रा करनी पड़ती थी। जो समय और खर्च दोनों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण थी। बता दें कि रोपवे के संचालन से लगभग 45 किलोमीटर का लंबा और कठिन सफर अब कुछ ही मिनटों में पूरा किया जा सकेगा। इससे न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा।

### पुलिसकर्मियों को लेकर बड़ा ऐलान

# खुलेंगे आवासीय विद्यालय और होगा कैशलेस इलाज



एजेंसी ▶▶ पटना

ड्यूटी का लंबा समय, लगातार तबादले और हर पल जोखिम पुलिसकर्मियों की जिंदगी चुनौतियों से भरी होती है। इन सबके बीच सबसे बड़ी चिंता रहती है बच्चों पढ़ाई और परिवार की बुनियादी सुविधाएं।अब बिहार सरकार ने इस चिंता को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

#### सभी पुलिसलाइन में खोले जाएंगे आवासीय विद्यालय

राज्य की सभी 40 पुलिस लाइनों में जल्द ही आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे, ताकि पुलिसकर्मियों के बच्चों को बेहतर और निरंतर शिक्षा मिल सके। इस ऐलान के साथ ही पुलिस लाइन की तस्वीर अब सिर्फ तैनाती स्थल की नहीं, बल्कि शिक्षा और सुविधा के केंद्र की बनने जा रही है। यह घोषणा उप-मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने की। गृह मंत्री ने कहा कि मेडिकल इलाज के लिए मिलने वाली बीमा राशि को पूरी तरह कैशलेस करने पर विचार चल रहा है। आंकड़े बताते हैं कि जिन 36 पुलिसकर्मियों के परिजनों को बीमा राशि दी गई।

### यूपी में ताबड़तोड़ एनकाउंटर

# पुलिस-एसटीएफ की गोली से दो बदमाश ढेर, पीड़ित परिवार ने बांटी मिठाई, सीएम योगी का जताया आभार

एसटीएफ ने एक लाख के इनामी सिराज अहमद को मार गिराया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में रविवार की सुबह पुलिस और एसटीएफ ने आतंक का पर्याय बने दो बदमाशों का शिकार किया। एसटीएफ ने एक लाख के इनामी सिराज अहमद को मार गिराया, तो पुलिस ने 50 हजार के इनामी आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर के ढेर कर दिया। लोगों को परेशान करना, उनमें दहशत फैलाना इन बदमाशों का मुख्य पेशा बन गया था। पहला एनकाउंटर बुलंदशहर में हुआ। यहां पुलिस ने 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर को मारा गया। जबकि, इसका साथी भागने में सफल रहा। हालांकि इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारे गए बदमाश पर विभिन्न जिलों में हत्या और लूट जैसे 47 गंभीर मामले दर्ज थे। यह मेरठ जिले के श्यामनगर क्षेत्र के लिसाड़ी गेट का रहने वाला था।



एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मारा गया बदमाश जुबैर उर्फ पीटर शातिर अपराधी था। 2 नवंबर 2025 को कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई एक लूट की घटना में यह वांछित चल रहा था। इस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। इसका एक साथी फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस लगातार कॉम्बिंग कर रही है।

बुलंदशहर में बदमाश के ढेर होने के कुछ देर बाद ही एसटीएफ ने यहां से करीब 200 किमी दूर सहारनपुर में एक लाख के इनामी बदमाश सिराज अहमद को मार गिराया। यह सुल्तानपुर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर गांव का रहने वाला था।

## चिंतन

# 'वीबी-जी राम जी' देगी ग्रामीण जीवन को गति

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी योजना आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत कर ग्रामीण जीवन को मजबूती देने का काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य सीधे गांव के लोगों को काम देने की बजाय गांवों की आमदनी बढ़ाना है। इसमें स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाता है। खेती, पशुपालन और छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है और गांव को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना इसका उद्देश्य है। यह विधेयक हाल ही में संसद के दोनों सदनों में पास हो गया था। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद कानून बन गया। इस योजना ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लिया है। मनरेगा अब बीते दिनों की बात हो जाएगी। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। जो मनरेगा के 100 दिनों से अधिक है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। इसके लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कुछ बदल जाएगा। इस योजना को चार प्रमुख भागों में बांटा गया है। इनमें जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर, आजीविका से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर और मौसमी घटनाओं के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10, तथा विधानसभा रहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4(5) एवं 22(4)), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोज़गार तथा बेरोज़गारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है। वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। ग्रामीणों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। नए कानून का मकसद केवल रोजगार नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना है। इसमें समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके और उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती प्रदान करेगा। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी। विकास कार्य तेजी से होंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में सुधार होगा। ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार दिए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही तय हो सकेगी। रोजगार बढ़ने से गांवों में आय के साधन मजबूत होंगे और शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी। यह योजना विकसित भारत 2047 के विज़न के पूर्णतः अनुरूप है।



सहकारिता
महेन्द्र तिवारी

# भारत टैक्सी से ओला-उबर को चुनौती

> भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफ़ॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है।

भारत टैक्सी का अमूल-आधारित सहकारी मॉडल भारत की ऐप-आधारित टैक्सी अर्थव्यवस्था में सिर्फ एक नया स्टार्ट-अप नहीं, बल्कि एक वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आ रहा है। पिछले एक दशक में ओला-उबर जैसे प्लेटफॉर्मों ने शहरी मोबिलिटी को तेज़, सुलभ और तकनीक-संचालित बनाया, लेकिन इसके साथ ही गिग-इकोनॉमी का एक ऐसा चेहरा भी उभरा, जिसमें ड्राइवर ऊँचे कमीशन, अस्थिर आय, एल्गोरिद्मिक दंड और सर्ज प्राइसिंग की मार झेलते रहे। यात्रियों को भी कभी-कभी सुविधा के बदले अनियंत्रित किराया और सुरक्षा को लेकर असहजता स्वीकार करनी पड़ी। इसी पृष्ठभूमि में भारत टैक्सी एक ऐसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत हो रही है, जो लाभ अधिकतमकरण की जगह सहकार, स्वामित्व और न्याय की भाषा बोलती है।




भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफ़ॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है। दिल्ली और सौराष्ट्र क्षेत्र में पायलट के दौरान ही हज़ारों ड्राइवरों के जुड़ने का दावा बताता है कि यह विचार ज़मीन पर कुछ हद तक स्वीकार्यता पा रहा है।

ड्राइवर-केंद्रित दृष्टिकोण भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशिष्टता है। मौजूदा एग्रीगेटर प्लेटफॉर्मों पर 20 से 30 प्रतिशत तक कमीशन, जटिल इंसेंटिव संरचना और अकसर मनमाने बैन ड्राइवरों की सबसे बड़ी शिकायत रही है। भारत टैक्सी इन शिकायतों का जवाब न्यूनतम या शून्य कमीशन, नाममात्र प्लेटफॉर्म फीस और मुनाफे के सहकारी वितरण के ज़रिए देने का दावा करती है। प्रति राइड मिलने वाली आय का बड़ा हिस्सा सीधे ड्राइवर तक पहुँचना, और अतिरिक्त अधिशेष का सदस्य-लाभांश के रूप में लौटना, इस मॉडल को रोज़गार से आगे बढ़ाकर साझा स्वामित्व की दिशा में ले जाता है। प्रतीकात्मक रूप से ड्राइवरों को "सारथी" कहा जाना भी इसी सोच को रेखांकित करता है कि वे सिर्फ ऐप पर लॉग-इन करने वाले गुमनाम कर्मी नहीं, बल्कि नीति और दिशा तय करने वाले भागीदार हैं। यात्रियों के लिए भारत टैक्सी का आकर्षण पारदर्शिता और स्थिरता में निहित है। सर्ज प्राइसिंग पर रोक और पहले से तय किराया-ब्रैकेट इस वादे के साथ आते हैं कि पीक ऑवर, बारिश या किसी आपात स्थिति में किराया अचानक कई गुना नहीं बढ़ेगा। न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर और दूरी के हिसाब से घटती कीमतें एक ऐसे ढांचे का संकेत देती हैं जिसमें सेवा को सार्वजनिक उपयोगिता के करीब लाने की कोशिश है, न कि केवल अधिकतम मुनाफे का साधन बनाने की। मल्टीलिंगुअल इंटरफेस, रियल-टाइम ट्रैकिंग, 24x7 कस्टमर सपोर्ट और भविष्य में मेट्रो जैसे ट्रांज़िट सिस्टम से इंटीग्रेशन का वादा यह दिखाता है कि यह पहल तकनीकी अनुभव में निजी कंपनियों से पीछे नहीं रहना चाहती। फिर भी, इस सहकारी सपने के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। तकनीकी स्तर पर ओला-उबर जैसे दिग्गजों के पास वर्षों का डेटा, परिष्कृत एल्गोरिद्म और विशाल सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर है। दो मिनट के भीतर पिक-अप, कम कैंसिलेशन और निर्बाध ऐप अनुभव देना केवल विचारधारा से संभव नहीं, इसके लिए भारी तकनीकी निवेश और दक्ष प्रबंधन चाहिए।

जैसे-जैसे भारत टैक्सी अधिक शहरों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैलेगी, सहकारी शासन की जटिलताएँ भी बढ़ेंगी—निर्णय-प्रक्रिया की गति, स्थानीय हितों का टकराव और पेशेवर प्रबंधन व सदस्य-लोकतंत्र के बीच संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा। एक और बड़ी बाधा उपभोक्ता आदतों की है। ओला-उबर अब सिर्फ सेवाएँ नहीं, बल्कि शहरी जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। उनके ऐप खोलना, किराया स्वीकार करना और यात्रा शुरू करना एक स्वाभाविक क्रिया बन गई है। भारत टैक्सी को इस आदत को तोड़ने के लिए नैतिक अपील से आगे बढ़कर लगातार बेहतर, भरोसेमंद और सहज अनुभव देना होगा। यदि सेवा में देरी, ड्राइवर उपलब्धता की कमी या तकनीकी खामियाँ रहीं, तो सहकारी विचार का आकर्षण जल्दी फीका पड़ सकता है।

इसके बावजूद भारत टैक्सी का महत्व उसके तत्काल व्यावसायिक भविष्य से कहीं बड़ा है। यह पहल यह प्रश्न उठाती है कि क्या प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था अनिवार्य रूप से वेंचर-कैपिटल संचालित, प्रॉफिट-मैक्सिमाइज़िंग मॉडल तक सीमित रहेगी, या उसमें सहकारी, श्रमिक-केंद्रित विकल्पों के लिए भी जगह बन सकती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है और ड्राइवरों की आय व गरिमा में वास्तविक सुधार लाता है, तो यह उदाहरण फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और अन्य गिग-आधारित क्षेत्रों में भी दोहराया जा सकता है। और यदि यह आंशिक या सीमित स्तर पर ही टिक पाता है, तब भी यह बहस को मजबूर करेगा कि तकनीक का इस्तेमाल केवल पूँजी के हित में हो या समाज के व्यापक हित में।

अंततः भारत टैक्सी को एक प्रयोग के रूप में देखना अधिक यथार्थवादी होगा। एक ऐसा प्रयोग जिसमें सरकारी-सहकारी समर्थन और सामूहिक स्वामित्व की ताक़त है, लेकिन बाज़ार की प्रतिस्पर्धा और तकनीकी चुनौतियों का दबाव भी उतना ही वास्तविक है। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि टैक्सियों का यह "अमूल मॉडल" भारतीय मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक नई धारा बनता है या समानांतर, सीमित-कक्षा का विकल्प बनकर रह जाता है। पर इतना स्पष्ट है कि इसने प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था की दिशा पर एक ज़रूरी और समयोचित सवाल खड़ा कर दिया है और यही किसी भी संपादकीय रूप से महत्वपूर्ण पहल की असली कसौटी है। यूनियन होम एंड कोऑपरेशन मिनिस्टर सहित अन्य अधिकारियों ने इस योजना का समर्थन किया है और इसे देश में एक स्थानीय और पारदर्शी राइड-हेलिंग ऑप्शन के रूप में पेश किया है। कहा गया है कि इस पहल से ना केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि भारतीय राइड-शेयरिंग उद्योग में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## गणित दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



# गणितीय जगत के बेजोड़ नक्षत्र थे रामानुजन

आज 22 दिसंबर के दिन हर वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिन देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है जिनका जन्म 22 दिसंबर, 1887 को तमिलनाडु राज्य के इरोड नामक स्थान पर हुआ था। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने 100 साल पहले गणित की जो गुत्थियां सुलझाई थीं, वह आज भी विज्ञान की दुनिया को हैरान कर रही हैं। रामानुजन को आधुनिक काल के महान गणित विचारकों में गिना जाता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में गणित के विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिया। रामानुजन को गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला था इसके बावजूद इन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से ना केवल गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए अपितु भारत को वैश्विक स्तर पर गौरव प्रदान कराने का भी काम किया था। राष्ट्रीय गणित दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में गणित के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत और गणित का रिश्ता बहुत अटूट रहा है। माना जाता है कि भारत ही वह देश है जिसने पूरी दुनिया को गणित के सबसे महत्वपूर्ण अंक 'शून्य', नकारात्मक संख्या, दशमलव प्रणाली, बीजगणित, त्रिकोणमिति जैसे विषयों से अवगत कराया था। ऐसा देखा गया है कि हमारी आज की युवा पीढ़ी गणित के नाम से अपने पैर पीछे खींच लेती है। हम अपना



हर छोटा मोटा हिसाब आजकल मोबाइल पर करने लगे हैं। आज भी पुरानी पीढ़ी के लोग जोड़ बाकी अँगुलियों पर करते हैं और नई पीढ़ी के युवा मोबाइल का सहारा लेते हैं। नई तकनीक ने हालांकि गणित को हल करने में सरलता कर दी है। इसके बावजूद गणित के प्रति हमारा रवैया सकारात्मक नहीं है। लोगों में गणित के प्रति जागरूकता और उत्साह उत्पन्न करने के लिए इस दिवस को मानते हैं। इस दिन गणित के शिक्षकों और छात्रों को इस विषय को आसान बनाने और लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 22 दिसंबर 2012 को चेन्नई में महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की 125वीं वर्षगाठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि देते हुए वर्ष 2012 को राष्ट्रीय गणित वर्ष और साथ ही उनके जन्मदिन के अवसर पर 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया। तभी से 22 दिसंबर को हर साल राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से रामानुजन को याद किया जाता है और गणित के महतत्व की जानकारी दी जाती है। रामानुजन को बचपन से ही गणित में काफी रुचि थी। उन्होंने किसी भी तरह की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली थी लेकिन उन्होंने अपने जीवन में ऐसी-ऐसी खोजें कीं कि बड़े-बड़े गणितज्ञ हतप्रभ रह गए। रामानुजन ने 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी और बिना किसी की सहायता के खुद से कई प्रमेय भी विकसित किए। उनका यह कार्य ऐतिहासिक माना गया था। रामानुजन की प्रतिभा का पता इसी से लगाया जा सकता है कि जब वह सातवीं कक्षा में पढ़ते थे तो उसी समय ये बी. ए. के छात्रों को गणित पढ़ाया करते थे। लोनी के द्वारा प्रसिद्ध त्रिकोणमिति जिसे हल करने में बड़े-बड़े गणितज्ञ असफल हो जाया करते थे, मगर इन्होंने अपनी मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में ही हल करके अपनी प्रतिभा को प्रमाणित कर दिया था। उनके बारे में यह कहा जाता था कि वे गणित के किसी भी प्रश्न को सबसे अधिक आसान तरीके से हल कर सकते थे। उनकी इसी विलक्षण प्रतिभा ने इनको विश्व में गणित का गुरु होने का दर्जा दिलाया था। गणित के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वजह से इनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया गया है। इन्होंने अपने कार्यों के द्वारा भारत के सम्मान में भी चार चाँद लगाए। टीबी की बीमारी की वजह से रामानुजन का 32 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गावत संतत संभु भवानी



संकलित
**दर्शन**

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

# मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
**प्रेरणा**

टीएन शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टीएन शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है: मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकारी इमारतें नेताओं के नाम पर क्यों

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां आमजन द्वारा चुने हुए नेता ही सत्ता पर विराजमान होते हैं। इस कारण इनका परम कर्तत्व है कि वो आमजन के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करें। लेकिन नेताओं के नाम से सरकारी इमारतें नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इस मुद्दे पर विधानसभा सत्र में बेवजह का हो हल्ला होगा, जिससे कीमती समय भी बर्बाद होगा। इसलिए सरकारी इमारतों का नाम उन शहीदों के नाम से होना चाहिए जिन्होंने देश की सुरक्षा की खातिर अपनी जान न्यौछावर कर दी है। प्रदेश के बहुत से युवाओं ने सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा की खातिर अपनी कुर्बानी दी है, कारगिल में भी प्रदेश के जवानों ने भी पाकिस्तान को करारी मात देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। *– किशोर कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

# भारत ने चक्रवात से उबरने श्रीलंका में सहायता पहुंचाई

भारत चक्रवात 'दित्वा' से हुए विनाश के बाद उबरने में श्रीलंका की मदद करने के लिए उसे मानवीय और बुनियादी ढांचा संबंधी सहायता लगातार मुहैया करा रहा है। ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत ने प्रभावित समुदायों की मदद करने और क्षतिग्रस्त संपर्क सुविधा को फिर से बहाल करने के लिए इंजीनियरिंग एवं चिकित्सकीय दलों को तैनात किया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है, श्रीलंका को भारत की निरंतर सहायता के तहत, कोलंबो में स्थित भारतीय उच्चायोग, कैंडी में स्थित सहायक उच्चायोग और जाफना में स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने चक्रवात दित्वा से प्रभावित परिवारों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में मानवीय सहायता अभियान चलाया। 18 दिसंबर को भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने कोलोनावा में 'ऑल सीलोन सूफी स्पिरिचुअल एसोसिएशन' के साथ समन्वय में प्रभावित परिवारों के बीच राहत किट वितरित कीं और कोलंबो के इस्कॉन मंदिर में भक्तिवेदांत चिल्ड्रन होम 'गोकुलम' के बच्चों को सहायता भी पहुंचाई। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस महीने की शुरुआत में, उच्चायुक्त ने दृष्टिबाधित लोगों के गांव नयनलोकगामा के निवासियों और गंपाहा जिले के नेगोम्बो में प्रभावित परिवारों के बीच भी सहायता वितरित की।'



## ऑफ बीट

# खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3 .4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

## X ट्रेंड

### असम के संसाधन



कांग्रेस की सरकारों ने असम और पूर्वोत्तर को विकास से दूर रखने का जो पाप किया था, उसका बड़ा खामियाजा देश की सुरक्षा को उठाना पड़ा। बीते 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ है कि असम के संसाधन वहां के लोगों के ही काम आएं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नए रोज़गार और अवसर



मज़बूत नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। टेक्सटाइल, हस्तशिल्प, गिग इकॉनमी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति से युवाओं, महिलाओं, कारीगरों और एमएसएमई के लिए नए रोज़गार और अवसर सृजित हो रहे हैं।

**-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा। शिक्षक समाज के कर्णधार होते हैं। सरकार शिक्षकों के सम्मान, सशक्तीकरण और सहयोग एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### सुरक्षा व बचाव के उपाय



असम में राजधानी एक्सप्रेस की दुर्घटना में 7 हाथियों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। पशुओं का जीवन-चक्र में अलग महत्व होता है। सरकार को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में जानवरों की सुरक्षा व बचाव के उपाय करने चाहिए।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति ने किए हस्ताक्षर

# कामगारों की हो गई बल्ले-बल्ले, अब 125 दिन के काम की गारंटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। अब यह विधेयक अब कानून बन गया है। इसके तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

### काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है। सरकार का कहना है कि इससे गांवों में गरीबी कम होगी और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम मिलेगा।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। सड़कों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोड़कर गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी।

### मजबूत और एकीकृत राष्ट्रीय फ्रेमवर्क बनेगा

सरकार का कहना है कि नए नियमों से मनरेगा की ढाचांगत कमियों को दूर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले सभी कार्यों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक में शामिल किया जाएगा। इससे ग्रामीण स्तर पर सार्वजनिक कार्यों के लिए एक मजबूत और एकीकृत राष्ट्रीय फ्रेमवर्क तैयार होगा। इसके बाद कामों को लेकर तैयारियां होंगी।

### अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ मिलेगा

कानून में संतृप्ति आधारित डिलीवरी को खास महत्व दिया गया है। कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार का कहना है कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ पहुंचाना इस कानून का मूल उद्देश्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा।सरकार का मानना है कि यह कानून समृद्ध, मजबूत और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और पुख्ता करेगा। इससे रोजगार बढ़ेगा।

### शिवराज ने किया विपक्ष पर हमला | मनरेगा के नाम पर देश को गुमराह करने की कोशिश



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विपक्षी नेताओं की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वे सरकार की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि विकसित भारत ग्राम योजना, मनरेगा से एक कदम आगे है। अब मजदूरों को 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। बेरोजगारी भत्ते के प्रावधानों को और मजबूत किया गया है और यदि मजदूरी में देरी होती है, तो अतिरिक्त मुआवजा भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्रामीण रोजगार योजना के लिए कुल आवंटन बढ़ाया है और विकसित गांवों के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में सिंगर पर हमले की कोशिश



**पूर्वी मिदनापुर।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर में एक इवेंट के दौरान सिंगर लग्नजिता चक्रवर्ती पर शख्स ने हमला करने की कोशिश की। पुलिस ने शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। महबूब मलिक नामक शख्स पर आरोप लगाया गया है कि वह कार्यक्रम के दौरान चक्रवर्ती से कह रहा था कि जागो मां गाना बहुत हो गया, अब सेक्युलर गाना गाओ।

### हरियाणा में आया भूकंप रोहतक था इसका केंद्र



**रोहतक।** दिल्ली से सटे राज्य हरियाणा में रविवार को भी भूकंप आया है। इससे हरियाणा के कुछ हिस्सों की धरती हिल उठी है। रविवार को हरियाणा में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 दर्ज की गई है। ये भूकंप दोपहर 12 बजकर 13 मिनट पर महसूस किया गया। इसका केंद्र रोहतक में धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था।

### बिजली बिल वसूलने गई टीम पर जानलेवा हमला



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में बिजली बिल वसूली के दौरान बिजली विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया। मामला पैलानी थाना क्षेत्र के पिपरोदर गांव का है, जहां बकायेदार के घर बिल वसूलने गई टीम को लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।

### बेसमेंट की दीवार गिरी 7 लोग मलबे में दबे



**आगरा।** ताज नगरी आगरा में रविवार को नमक मंडी इलाके में हादसा हो गया, जहां बेसमेंट निर्माण के दौरान दीवार गिर गई। घटना में सात लोग मलबे में दब गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें से4 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा मलबे में दबे सभी मजदूर अलाव ताप रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।

### दिल्ली पहुंचे नीतीश पीएम से होगी मुलाकात



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंच गए हैं। नीतीश के दिल्ली जाते ही कयासों का दौर भी शुरू हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि वे प्रधानमंत्री से मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मिल सकते हैं। संभावना यह भी है कि सीएम नीतीशदिल्ली में अपना रूटीन चेकअप करा सकते हैं।

## चुनावी बॉन्ड बंद होते ही इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिए बरसे करोड़ों रुपए

# भारतीय जनता पार्टी को 3,112 करोड़ तो कांग्रेस को महज 299 करोड़ रुपये मिले

### 2024-2025 में 9 इलेक्टोरल ट्रस्टों ने राजनीतिक दलों को कुल 3,811 करोड़ दान किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इलेक्टोरल बॉन्ड फाइल फोटो

सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड के जरिए सरकार की गुमनाम राजनीतिक फंडिंग योजना को समाप्त किए जाने के बाद, पहले वित्तीय वर्ष (2024-2025) में नौ इलेक्टोरल ट्रस्टों ने राजनीतिक दलों को कुल 3,811 करोड़ रुपए दान किए। इसमें केंद्र की सत्ताधारी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी को 3,112 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जो ट्रस्टों द्वारा दिए गए कुल फंड के 82 प्रतिशत (चार-पांचवें हिस्से) से भी अधिक है।भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को विभिन्न ट्रस्टों द्वारा सौंपी गई 'कंट्रीब्यूशन रिपोर्ट' के अनुसार कांग्रेस को कुल दान का लगभग 8 प्रतिशत यानी 299 करोड़ रुपए मिले। शेष सभी दलों को मिलाकर बचा हुआ 10 प्रतिशत या लगभग 400 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। हालांकि, राजनीतिक दलों को मिलने वाला कुल दान इससे कहीं अधिक है, क्योंकि इलेक्टोरल ट्रस्ट फंडिंग का केवल एक माध्यम है, भले ही यह एक बड़ा जरिया हो।

### 20 दिसंबर तक आंकड़े उपलब्ध

20 दिसंबर तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में पंजीकृत 19 इलेक्टोरल ट्रस्टों में से 13 की रिपोर्ट चुनाव आयोग के पास उपलब्ध थी। इनमें से नौ ट्रस्टों ने कुल 3,811 करोड़ रुपये के योगदान की घोषणा की है। यह वित्तीय वर्ष 2023-2024 में ट्रस्टों द्वारा दिए गए 1,218 करोड़ रुपये के मुकाबले 200% से भी अधिक की वृद्धि है। वहीं, चार ट्रस्टों (जनहित, परिवर्तन, जयहिंद और जयभारत) ने इस वर्ष कोई योगदान नहीं देने की घोषणा की है।

### प्रूडेंट और प्रोग्रेसिव ट्रस्ट का दबदबा

'प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट' भाजपा को चंदा देने वाला प्रमुख डोनर बनकर उभरा है, जिसने 2,180.07 करोड़ दिए। इस ट्रस्ट को मुख्य रूप से जिंदल स्टील एंड पावर, मेघा इंजीनियरिंग, भारती एयरटेल, ऑरोबिंदो फार्मा और टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स जैसी कंपनियों से फंड मिला था। प्रूडेंट ने कांग्रेस, टीएमसी, आप और टीडीपी को भी दान दिया, लेकिन 2,668 करोड़ के फंड का लगभग 82 प्रतिशत हिस्सा भाजपा को गया।

### सभी पार्टियों को मिला चंदा

प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने कांग्रेस, टीएमसी, आप , टीडीपी और दूसरी पार्टियों को डोनेशन दिया, लेकिन 2024-2025 में उसके कुल 2,668 करोड़ रुपए के डोनेशन का बड़ा हिस्सा भाजपा को गया। इसी तरह, 'प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट' ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न कंपनियों से 917 करोड़ रुपए जुटाए, जिसमें से 914.97 करोड़ रुपए दान किए गए। इस राशि भाजपा के खाते में गया। इस ट्रस्ट में मुख्य योगदान टाटा समूह की कंपनियों जैसे टाटा संस, टीसीएस, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और टाटा पावर का रहा।

### अन्य ट्रस्टों का योगदान

मुंबई स्थित केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड, 'जनप्रगति इलेक्टोरल ट्रस्ट' को दान देने वाली एकमात्र फर्म रही। ट्रस्ट को मिले कुल 1.02 करोड़ में से 1 करोड़ रुपए शिवसेना (यूबीटी) को दान किए गए। 'हार्मनी इलेक्टोरल ट्रस्ट' को 35.65 करोड़ रमिले, जिसमें से उसने 30.15 करोड़ भाजपा को दिए। इसमें भारत फोर्ज (22 करोड़) और कल्याणी स्टील जैसी कंपनियों का मुख्य योगदान रहा।'न्यू डेमोक्रेटिक इलेक्टोरल ट्रस्ट' को महिंद्रा समूह की कंपनियों से कुल 160 करोड़ भाजपा को दिए गए। 'ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट' को मिले 25 करोड़ में से 21 करोड़ भाजपा को मिले, जिसमें सीजी पावर का सर्वाधिक योगदान था। वहीं, 'जनकल्याण ट्रस्ट' को मिले कुल 19 लाख को भाजपा और कांग्रेस के बीच बराबर (9.5 लाख प्रत्येक) बांट दिया गया।

### पिछले वर्ष भी भाजपा थी मालामाल

उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) में भाजपा को कुल 3,967.14 करोड़ रुपए का स्वैच्छिक योगदान मिला था, जिसमें 43 प्रतिशत हिस्सा इलेक्टोरल बॉन्ड का था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित किए जाने के बाद, अब कंपनियां चेक, डीडी या यूपीआई ट्रांसफर के जरिए सीधे या इलेक्टोरल ट्रस्ट के माध्यम से दान करती हैं, जिसकी जानकारी चुनाव आयोग को देना अनिवार्य है।


जीत की खुशी व्यक्त करते भाजपा कार्यकर्ता

### महाराष्ट्र में नपं और नप चुनाव

## महायुति को 288 में से 218 सीटें, एमवीए 47 पर रुकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नगर पंचायत और नगर परिषद चुनावों के सभी 288 में से 288 नतीजे या रुझान सामने आ चुके हैं। इनमें महायुति गठबंधन ने स्पष्ट बढ़त हासिल की है, जबकि महाविकास आघाड़ी को बेहद कम सीटों पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा ने 127 सीटें जीतकर महायुति में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में खुद को स्थापित किया है। वहीं शिवसेना को 54 सीटें और एनसीपी को 37 सीटें मिली हैं। इस तरह महायुति के खाते में 218 सीटें गई हैं, जो गठबंधन की मजबूत को दर्शाता है। दूसरी ओर एमवीए का प्रदर्शन सीमित रहा है। कांग्रेस ने 31 सीटें जीतकर आघाड़ी में सबसे आगे रहने का दावा किया है।

### भाजपा फिर नंबर वन: फडणवीस



भाजपा की इस जीत पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के मार्गदर्शन में और सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से भाजपा एक बार फिर राज्य में नंबर 1 है। सभी को बधाई।

### एमवीए के बराबर तो शिवसेना की ही सीटें



एकनाथ शिंदे ने कहा कि एमवीए ने जितनी सीटें जीती हैं उससे ज्यादा तो अकेले शिवसेना ने जीत ली हैं। कुछ लोग शिवसेना सिर्फ ठाणे तक ही सीमित समझते हैं, लेकिन अब चुनाव परिणाम ने दिखा दिया है कि ऐसा नहीं है। शिवसेना का प्रभाव बाहर भी है।

## भगवान अयप्पा की 'पालकी'


**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी अपने बेटे के साथ रविवार को हैदराबाद के हिमायत नगर में 'पड़ी पूजा' समारोह के दौरान भगवान अयप्पा की 'पालकी' ले जाते हुए।

अरावली की पहाड़ियां फिर चर्चा में

# खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मची हलचल, इस पर सियासत भी गरमाने लगी

### 'सेव अरावली कैंपेन' भी चल पड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अरावली के पर्वत दुनिया में सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक हैं। इनसे जुड़ा एक ताजा मामला सोशल मीडिया पर अभियान का रूप ले रहा है।इन पर्वतों के पास खनन की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लंबित है। इस पर केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में एक जवाब दाखिल किया। इसके बाद से कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं, जिन्हें लेकर यह श्रृंखला चर्चा के केंद्र में आ गई। अरावली के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'सेव अरावली कैंपेन' अभियान तक चल पड़ा है।

अरावली के पर्वत दुनिया में सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में शामिल


अरावली की पहाड़ी

### अरावली पर्वत श्रृंखला की महत्ता

पृथ्वी पर अरावली पर्वत श्रृंखला दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। यह करीब दो अरब साल पुरानी है। यह हिंद-गंगीय मैदानी इलाकों को रेगिस्तानी रेत से बचाने के लिए एक अहम पारिस्थितिकी बैरियर की तरह काम करता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि अगर यह पर्वत श्रृंखला न होती तो भारत का उत्तरी क्षेत्र रेगिस्तान में तब्दील होना शुरू हो गया होता।

### अरावली बचेगी तो ही दिल्ली-एनसीआर भी बचेगा



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्लीवासियों को अरावली पहाड़ियों को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं बल्कि संकल्प होना चाहिए। एक्स पर एक लंबे संदेश में उन्होंने कहा कि बची रहे जो 'अरावली' तो दिल्ली रहे हरीभरी!

### रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन अंबानी का बड़ा बयान

# हम दुनिया को देंगे सस्ती-स्वच्छ ऊर्जा, भारत बनेगा आत्मनिर्भर

### मुंबई में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में यह बात कही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने भारत के ऊर्जा भविष्य और 'न्यू इंडिया' की बदलती तस्वीर पर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने देश में ग्रीन एनर्जी की संभावनाओं और युवाओं की आकांक्षाओं पर खुलकर बात की। ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति की तैयारी अंबानी ने संकेत दिया कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दहलीज पर खड़ा है। सौर ऊर्जा को लेकर पारंपरिक सोच को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि हम स्थानीय ऊर्जा समस्याओं को सुलझाने के बेहद करीब हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग अब केवल 4 घंटे के ईंधन के रूप में नहीं किया जाएगा। हम सौर ऊर्जा का उपयोग उन समस्याओं को हल करने के लिए कर सकते हैं ।

**सौर ऊर्जा अब चार घंटे का ईंधन नहीं**

ग्रीन एनर्जी की संभावनाओं पर की बात

हम स्थानीय ऊर्जा समस्याओं को सुलझाने के बेहद करीब



### हम मिसाल पेश करेंगे

मुकेश ने कहा कि रिलायंस न केवल भारत, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों के लिए एक मिसाल पेश करेगा। उहम रास्ता दिखाएंगे कि कैसे ग्रीन और क्लीन एनर्जी को प्रचुर मात्रा में और किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

### नए भारत में युवाओं से भरोसा बढ़ राह

आज के भारत की बदलती तस्वीर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम एक 'नए भारत' में हैं। अंबानी ने देश की युवा शक्ति पर भरोसा जताते हुए कहा कि यह नया भारत सपने देखने वाले युवाओं भरा हुआ है। आज लाखों सपने भारत में ही हकीकत बन रहे हैं।

### भारत के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे

मुकेश ने अपने पिता और रिलायंस के संस्थापक धीरूभाई अंबानी को याद करते हुए कंपनी के मूल उद्देश्य के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता, धीरूभाई ने रिलायंस की स्थापना इसी एकमात्र उद्देश्य के साथ की थी कि हमें भारत के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। भारत और भारतीयों को आगे बढ़ना ही होगा। यही रिलायंस का उद्देश्य था।

### यात्री से मारपीट का मामला

## एआई एक्सप्रेस का पायलट सस्पेंड और कारण बताओ नोटिस भी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक ऑफ-ड्यूटी पायलट द्वारा यात्री के साथ मारपीट किए जाने के मामले ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र को हिला दिया है। अब एआई एक्सप्रेस ने पायलट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह घटना शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुई। आरोपी पायलट वीरेंद्र



एयर इंडिया एक्सप्रेस

सेजवाल उस समय किसी दूसरी एयरलाइन से यात्री के रूप में यात्रा कर रहा था। इसी दौरान उसका यात्री अंकित दीवान से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। अंकित दीवान ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा करते हुए चेहरे पर खून के निशान वाली तस्वीर भी पोस्ट की।

# कोर्ट का फैसला पलटते ही मस्क ने रचा इतिहास, नेटवर्थ 700 बिलियन डॉलर पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ इस फैसले से मस्क की नेटवर्थ रातो-रात बढ़कर 749 बिलियन डॉलर हो गई

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क साल 2021 से दुनिया के सबसे दौलतमंद आदमी बने हुए हैं। वह इतिहास में पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिनका नेटवर्थ अब 700 बिलियन डॉलर के आंकड़े को भी पार कर चुका है।

कोर्ट के एक फैसले के बाद एलन मस्क ने यह बड़ी जीत हासिल की। डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल रद्द किए गए 139 बिलियन डॉलर के टेस्ला स्टॉक ऑप्शन को बहाल कर दिया। इस फैसले के बाद मस्क की नेटवर्थ बढ़कर लगभग 749 बिलियन डॉलर हो गई। मस्क के स्टॉक इस वृद्धि ने उन्हें शीर्ष पर पहुंचा दिया।

## डेलीवेयर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल रद्द 139 बिलियन डॉलर ऑप्शन को बहाल कर दिया

### लैरी पेज से ज्यादा है मस्क की दौलत?

इस हफ्ते की शुरुआत में एयरोस्पेस स्टार्टअप स्पेस एक्स के आईपीओ लाने की खबरो के बीच मस्क का नेटवर्थ 600 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया था। नवंबर में, टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने अलग से मस्क के लिए 1 ट्रिलियन डॉलर के पे प्लान को मंजूरी दी - जो इतिहास का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट पे पैकेज है। यह टेस्ला को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स पावरहाउस में बदलने के उनके विजन के एवज में था। फोर्ब्स के मुताबिक, अब मस्क की दौलत दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति लैरी पेज से लगभग 500 बिलियन डॉलर ज्यादा है।



### पैकेज गलत तरीके से तय करने का लगा आरोप

वक्त बीता और टेस्ला की भी हालत सुधरी। प्रोडक्शन बढ़ा, कंपनी का मार्केट कैप बढ़ा और फिर मस्क तय लक्ष्यों को हासिल कर लेने के अनुरूप अपने सैलेरी पैकेज के हकदार बन गए। लेकिन मामला तब गड़बड़ाया जब जनवरी 2024 में टेस्ला के एक शेयरहोल्डर ने इस पैकेज को निचली अदालत में चुनौती दी। तब कोर्ट ने यह कहते हुए पैकेज को रद्द कर दिया कि इसे गलत तरीके से तय किया गया है।

*निचली अदालत ने पलटा फैसला, पैकेज किया बहाल : फैसले से नाराज मस्क ने टेस्ला को डेलावेयर से टेक्सास में दोबारा रजिस्ट्रेशन करने का फैसला लिया, तो मामला डेलावेयर के सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, जिसने अब निचली अदालत के फैसले को पलट दिया और इसमें कई गलतियों का जिक्र करते हुए पैकेज को फिर से बहार कर दिया।*

### क्या था मामला?

साल 2018 में कंपनी को नए मुकाम पर ले जाने के लिए उन्हें टेस्ला ने 55 अरब डॉलर की सैलरी पैकेज दी थी। ये पैसे उन्हें तभी मिलने थे, लेकिन नहीं मिले। उस वक्त टेस्ला की हालत अभी जैसी नहीं थी, उसका मार्केट वैल्यूएशन 50 से 75 अरब डॉलर के करीब था। ऊपर से कंपनी को इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के प्रोडक्शन में लगातार पैसे खर्च करने पड़ रहे थे। तब कंपनी के बोर्ड ने कई और बड़े लक्ष्य तय किए और इनके पूरे हो जाने के बाद ही मस्क को पैकेज के तहत पैसा मिलने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### एडीबी इस वर्ष के लिए 4.26 अरब डॉलर का कर्ज देगी




**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2025 में भारत में 4.26 अरब डॉलर के सरकारी ऋण की प्रतिबद्धता जतायी है। यह कर्ज देश के दक्षता परिवेश को मजबूत करने, नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल को तेज करने, स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं को बेहतर बनाने और 'इकोटूरिज्म' को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बीते सप्ताह सोयाबीन और सरसों तेल में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में ऊंचे भाव के कारण मांग प्रभावित रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन तथा लागत से कम दाम पर बिकवाली होने से सोयाबीन तेल तथा सर्दी में मांग प्रभावित रहने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट रही।

### आईनॉक्स क्लीन ने वाइब्रेंट एनर्जी का किया अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया की मैक्वेरी कॉर्पोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों के साथ वाइब्रेंट एनर्जी के अधिग्रहण के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाइब्रेंट एनर्जी की कुल स्थापित क्षमता 1,337 मेगावाट है। उद्योग सूत्रों के अनुसार यह सौदा लगभग 5,000 करोड़ रुपये में हुआ है।

## चेयरमैन ने कहा, लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल

# वेदांता विभाजन के बाद भी शेयरधारकों को लाभांश देना जारी रखेगा : अग्रवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को लाभांश देती रहेंगी। अग्रवाल ने बताया कि समूह अपने विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर के विस्तार कार्यक्रम को जारी रखेगा।

धातु से तेल तक के कारोबार वाले वेदांता लिमिटेड का विभाजन प्रत्येक कारोबार को स्वतंत्र पहचान देने, मूल्य उजागर करने और पूंजी निवेश की प्रक्रिया को प्रभावित किए बिना नकद लाभांश जारी रखने के लिए किया जा रहा है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को वेदांता को पांच अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दी।

### धातु का कारोबार वेदांता में ही रहेगा

विभाजन के बाद आधार धातु का कारोबार वेदांता लिमिटेड में रहेगा, जबकि वेदांता एल्युमिनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांता इस्पात एवं लौह और माल्को एनर्जी (तेल एवं गैस) अन्य चार सूचीबद्ध कंपनियां होंगी। अग्रवाल ने कहा, /"लाभांश देना मेरे विचार का हिस्सा है। चाहे कोई भी परिस्थिति हो, हमारी कंपनियां नियमित लाभांश जारी करती रहेंगी।/"

### जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर का होगा निवेश

*चेयरमैन ने कहा कि अगले चार से पांच वर्षों में वेदांता विभिन्न क्षेत्रों में कुल 20 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसमें तेल एवं गैस और एल्युमिनियम में चार-चार अरब डॉलर, जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर, विद्युत उत्पादन में ढाई अरब डॉलर और शेष निवेश लौह अयस्क, इस्पात और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा।*




- प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां लाभांश देती रहेगी
- समूह विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर का विस्तार जारी रखेगा
- समूह धातु से लेकर तेल तक के कारोबार में संलग्न है

### चांदी का उत्पादन 1500 टिन किया जाएगा

अग्रवाल ने बताया कि चांदी का उत्पादन मौजूदा लगभग 700 टन से बढ़ाकर 2030 तक 1,500 टन किया जाएगा। इसके साथ ही सीसा उत्पादन को चार लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में जस्ता उत्पादन को वर्तमान 11.3 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन किया जाएगा।

### विभाजन मार्च तक पूरा होने की योजना

*अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक प्रति शेयर सात रुपये का पहला अंतरिम लाभांश और 16 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 29.50 रुपये प्रति शेयर और 2024-25 में लगभग 46 रुपये प्रति शेयर लाभांश वितरित किया। अग्रवाल ने बताया कि विभाजन मार्च 2026 तक पूरा होने की योजना है।*

### जिंक कंपनी से 10 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की योजना

दक्षिण अफ्रीका में समूह की जिंक कंपनी से अतिरिक्त 10 लाख टन उत्पादन की योजना है, जिससे वेदांता विश्व के प्रमुख उत्पादकों में शामिल होगा। एल्युमिनियम कारोबार में समूह मौजूदा 30 लाख टन क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रहा है। राजस्थान में 5.10 लाख टन क्षमता का डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा।

### प्रत्येक नई कंपनी वेदांता जितनी बड़ी बने

तेल एवं गैस क्षेत्र में उत्पादन को निकट भविष्य में तीन लाख बैरल प्रतिदिन और अगले चार-पांच वर्षों में पांच लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य है। अग्रवाल ने कहा, "वेदांता एक बड़ा बरगद है। हर कारोबार में इतनी क्षमता है कि वह स्वयं में बड़ा समूह बन सकता है। मेरा लक्ष्य है कि प्रत्येक नई कंपनी वेदांता जितनी बड़ी बने। इससे शेयरधारकों को लाभ होगा।"

# एमपी में देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया का शुभारंभ



■ एमपी की पहली इलेक्ट्रो होम्योपैथी उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं औषधि निर्माण प्रयोगशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

देवी अहिल्या अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, इंदौर परिसर में आज मध्य प्रदेश की प्रथम इलेक्ट्रो होम्योपैथी उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं औषधि निर्माण प्रयोगशाला 'देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया' का विधिवत शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी कौंसिल ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष ओम जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके करकमलों द्वारा देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का शुभारंभ संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रवर्तक डॉ. काउंट सीज़र मैटी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों तथा स्पैजिरिक कोहोबेशन पद्धति पर आधारित है। यहाँ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियाँ पूर्णतः हर्बल औषधीय पौधों से निर्मित की जाएँगी। प्रयोगशाला में भारत में उपलब्ध औषधीय पौधों का उपयोग किया जाएगा। इन पौधों से सार तत्व निकालकर किण्वन, आसवन, भस्मीकरण एवं सहक्रियात्मक मिश्रण जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से औषधियाँ तैयार की जाएगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य पौधों में निहित वानस्पतिक ऊर्जा को औषधि में स्थिर करना है।

### नवीन अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा

कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीषा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का उद्देश्य इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वर्ष 2026 में भारत की वाहन क्षेत्र में वृद्धि जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का वाहन उद्योग 2026 में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है, जहां बिक्री वृद्धि 6-8 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है।

जीएसटी सुधारों, मौद्रिक स्थितियों में ढील और आयकर राहत जैसे नीतिगत समर्थन से सभी वाहन श्रेणियों में उपभोक्ता मांग को सहारा मिलने की संभावना है। यह तेजी केवल चक्रीय सुधार का परिणाम नहीं है।

वर्ष 2025 में यात्री वाहन बिक्री ने कमजोर शुरुआत के बाद तेज वापसी की, जिसे शहरी मांग में मजबूती, ग्रामीण आय में स्थिरता और वित्त पोषण का समर्थन मिला। एसयूवी की मांग बनी रही, जबकि सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़ी। इससे पता चलता है कि पावरट्रेन में बदलाव क्रमिक और स्थिर है।

## बोत्सवाना ने राइट्स के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली परिवहन अवसंरचना परामर्श कंपनी राइट्स लिमिटेड ने बोत्सवाना के साथ वहां के परिवहन ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बयान में यह जानकारी दी गई।इस समझौते के तहत बोत्सवाना रेल प्रणालियों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए राइट्स की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। राइट्स ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य आधुनिक प्रौद्योगिकी, वैश्विक सर्वोत्तम तरीकों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से बोत्सवाना के रेलवे और परिवहन क्षेत्र की दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाना है।

## एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में 7 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद



भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय "सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण" रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद जी सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ लाभ

■ शीर्ष छह का बाजार पूंजीकरण 75,257 करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह का संयुक्त बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 75,256.97 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 338.3 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरा।इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो लाभ में रहे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 22,594.96 करोड़ रुपये बढ़कर 11,87,673.41 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने 16,971.64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका मूल्यांकन बढ़कर 6,81,192.22 करोड़ रुपये हो गया।


## क्रिसमस और नव वर्ष-2026 के दौरान पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**मालीगांव।** क्रिसमस और नव वर्ष-2026 की अवधि के दौरानपूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने फेस्टिव यात्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। स्पेशल ट्रेनों में ट्रेन संख्या 05609/05610 (गुवाहाटी-सायरंग-गुवाहाटी), ट्रेन संख्या 05905/05906 (डिब्रूगढ़-लखनऊ-डिब्रूगढ़) और ट्रेन संख्या 04078/04077 (नई दिल्ली-कामाख्या-नई दिल्ली) शामिल हैं, जो फेस्टिव सीजन में यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेंगी। तदनुसार, ट्रेन संख्या05609/05610 (गुवाहाटी – सायरंग - गुवाहाटी) क्रिसमस स्पेशल प्रत्येक दिशा से 02-02फेरों के लिए चलेगी। ट्रेन संख्या05609 (गुवाहाटी – सायरंग)



स्पेशल 22 और 24 दिसंबर, 2025 को गुवाहाटी से 06:00 बजे रवानाहोगी और सायरंग19:30 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या05610 (सायरंग– गुवाहाटी) स्पेशल 23 और 25 दिसंबर, 2025 को सायरंग से 06:00 बजे रवाना होगी और गुवाहाटी 19:50 बजे पहुंचेगी। ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए 02 जनरल सेकंड क्लास, 08 स्लीपर क्लास, 02 एसी 3-टियर और 02 जनरलकमलगेज क्लास कोचों की व्यवस्था होगी। ट्रेन संख्या05905/05906 (डिब्रूगढ़ – लखनऊ – डिब्रूगढ़) स्पेशल प्रत्येक दिशा से एक-एक फेरा के लिए चलेगी। ट्रेन संख्या05905 (डिब्रूगढ़ – लखनऊ) स्पेशल ने 19 दिसंबर, 2025 को डिब्रूगढ़ से 14:00 बजे अपनी यात्रा शुरू की हैऔर रविवार को लखनऊ जंक्शन 16:30 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या05906 (लखनऊ – डिब्रूगढ़) स्पेशल 23 दिसंबर, 2025 को 23:30 बजे लखनऊ जंक्शन से रवाना होगी और 26 दिसंबर, 2025 को डिब्रूगढ़ 05:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन यात्रियों की सुविधा के 14 स्लीपर क्लास कोच और 02 सिटिंग कम लगेज रेक की व्यवस्था होगी।

## शब्द पहेली - 6085




**बाएँ से दाए-**


1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6084 का हल**





# 27वें जन्मदिन पर एमबाप्पे ने की रोनाल्डो की बराबरी




## एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के लिए दागा 59वां गोल

एजेंसी ▸▸| बार्सिलोना

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने 27वें जन्मदिन पर साल 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल करके एक साल में सबसे अधिक गोल करने के क्लब रिकॉर्ड की बराबरी की, जो कि अब तक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज था। फ्रांस के स्ट्राइकर एमबाप्पे के लिए यह उपलब्धि हासिल करना लगभग असंभव रहा था, क्योंकि रियाल मैड्रिड का यह इस साल का आखिरी मैच था। एमबाप्पे ने हालांकि मैच खत्म होने से चार मिनट पहले पेनल्टी किक को गोल में बदलकर रोनाल्डो की बराबरी की, जिससे रियाल मैड्रिड ने सेविला पर 2-0 से जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने 2013 में यह रिकॉर्ड बनाया था। एमबाप्पे ने रिकॉर्ड गोल करने के बाद रोनाल्डो के अंदाज में ही जश्न मनाया।

एमबाप्पे ने कहा, 'क्रिस्टियानो ने जो किया, वह अविश्वसनीय है। वह मेरे आदर्श हैं। वह रियाल मैड्रिड के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। मेरा यह जश्न उनको समर्पित है। मेरा उनसे बहुत अच्छा रिश्ता है। वह मेरे दोस्त हैं। मैं उन्हें और रियाल मैड्रिड के सभी प्रशंसकों को क्रिसमस और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'

# प्रीमियर लीग का नया गोल किंग- हॉलैंड ने रोनाल्डो को पछाड़ा



एजेंसी ▸▸| लंदन

एर्लिंग हॉलैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पांच मैच तक पहुंचा दिया। मैनचेस्टर सिटी को इस जीत तीन अंक मिले, लेकिन यह आर्सेनल को क्रिसमस के दिन प्रीमियर लीग में शीर्ष पर रहने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल की बदौलत एवर्टन पर 1-0 की जीत हासिल की, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर्सेनल 25 दिसंबर को प्रीमियर लीग में पांचवीं बार पहले स्थान पर रहेगा। इससे पहले जब चार अवसरों पर आर्सेनल क्रिसमस तक शीर्ष पर रहा था तब वह खिताब नहीं जीत पाया था।

आर्सेनल के बाद मैनचेस्टर सिटी दूसरे स्थान पर है। वह आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे है। उसने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया। हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र में 17 मैचों में 19 गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया।

## खबर संक्षेप



### केओए ने किया आयुष प्रज्वल को सम्मानित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) ने उभरते हुए शटलर आयुष शेट्टी, अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव सहित इस साल उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले राज्य के खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया। बीस साल के शेट्टी ने जून में यूएस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीतकर बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर में इस साल भारत के खिताब के सूखे को समाप्त किया था। उन्होंने पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराया था। प्रज्वल 2024 में भारत की डेविस कप टीम के सदस्य थे। प्रज्वल ने पुरस्कार लेने के बाद कहा, 'अब मेरी नजर बेंगलुरु ओपन, बैंकॉक चैलेंजर और वियतनाम में होने वाले दो टूर्नामेंटों पर है। इस पुरस्कार को पाकर मुझे बहुत गर्व हो रहा है।'

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ शुरू करेगा नेशंस लीग

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अपने सदस्य देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एएफसी नेशंस लीग शुरू करने की घोषणा की। यह कदम यूईएफए द्वारा 2018 में नेशंस लीग से प्रभावित होकर उठाया गया है,



जिसमें यूरोप की राष्ट्रीय टीमों को विभिन्न स्तरों में विभाजित किया जाता है और वे फीफा की निर्धारित विंडो में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं। यह घोषणा अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ द्वारा 2029 में इसी तरह का टूर्नामेंट शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आई है। एएफसी से जारी बयान के मुताबिक, 'राष्ट्रीय टीमों की सीमित उपलब्धता, बढ़ती परिचालन लागत और लॉजिस्टिक संबंधी जटिलताओं के कारण फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो का प्रभावी उपयोग करना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

### विश्व 25 कोलकाता दौड़: गुलवीर और सीमा ने बनाया कोर्स रिकॉर्ड



**कोलकाता।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगेई ने 10वीं टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता पुरुष दौड़ में जीत हासिल की, जबकि गुलवीर सिंह और सीमा ने नया भारतीय कोर्स रिकॉर्ड बनाया। इथियोपिया की डेगिटु अजीमेरा ने मौजूदा चैंपियन सुतुमे असेफा केबेडे को हराकर अंतरराष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग की दौड़ जीती। दो बार के ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगेई ने शुरुआत में ही दबदबा बना दिया था। उन्होंने 1:11:49 (एक घंटा, 11 मिनट और 49 सेकेंड) का समय लेकर पहली बार यह प्रतियोगिता जीती। तंजानिया के अल्फोंस फेलिक्स सियुम्बु (1:11:56) दूसरे और लेसोथो के टेबेलो रामाकोंगोआना (1:11:59) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में अज़ीमेरा शुरू से अंत तक आगे रहीं। उन्होंने 1:19:36 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया।

## कमिंस की टीम ने स्टोक्स का सपना किया चकनाचूर

# ऑस्ट्रेलिया के पास रहेगी एशेज की ट्रॉफी, इंग्लैंड को 82 रन से दी मात

एजेंसी ▸▸| एडिलेड

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज करके दो टेस्ट शेष रहते हुए एशेज बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की। इंग्लैंड ने 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 207 रन से आगे बढ़ाई। उसे तब जीत के लिए 228 रन चाहिए थे, जबकि आस्ट्रेलिया को एशेज को बरकरार रखने के लिए चार विकेट की जरूरत थी। इंग्लैंड की टीम हालांकि लंच के बाद 352 रन पर आउट हो गई और इस तरह से उसकी अप्रत्याशित जीत दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाने और एशेज में बने रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया।

- स्टार्क ने इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर फेरा पानी



### स्टार्क ने की शानदार गेंदबाजी

*इन दोनों मैच में स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की थी और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में फिर से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने सुबह के सत्र में एकमात्र विकेट लिया। उन्होंने जेमी स्मिथ को 60 रन पर आउट किया। इंग्लैंड ने पहले सत्र में 102 रन जोड़कर अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। इंग्लैंड की शानदार वापसी ने आखिरी दिन दोपहर के भोजन तक एशेज का रोमांच बनाए रखा। इंग्लैंड ने लंच तक सात विकेट पर 309 रन बनाए थे। तब ऑस्ट्रेलिया को एडिलेड में ही ट्रॉफी जीतने के लिए तीन विकेट और इंग्लैंड को पांच मैचों की श्रृंखला में बने रहने के लिए 126 रन की जरूरत थी।*

### यह हार काफी निराशाजनक : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बाद में कहा कि उन्हें सुबह के सत्र में ऐसा लग रहा था कि उनकी टीम एक और बड़ी जीत हासिल करने के लिए तैयार है और उन्हें रिकॉर्ड स्कोर बनाने का पूरा भरोसा था। स्टोक्स ने कहा, 'यह हार काफी निराशाजनक है। हम जिस लक्ष्य को लेकर यहां आए थे उसे हासिल नहीं कर पाए। हम अपना सपना पूरा नहीं कर पाए, जो निश्चित रूप से काफी निराशाजनक है।' इंग्लैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया को अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की कमी खली जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसे में श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज स्टार्क ने शानदार प्रदर्शन किया। चौथा टेस्ट मैच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) पर मेलबर्न में शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट समान अंतर से जीते

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मैच के बाद कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। हमने कर दिखाया। ऑस्ट्रेलिया में आप कुछ भी चीज को हासिल करने के लिए जल्दबाजी नहीं कर सकते। इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होती है और मुझे खुशी है कि हमारे सभी खिलाड़ियों ने मेहनत की। मैंने नहीं सोचा था कि मैच इतना करीबी हो जाएगा लेकिन मैं परिणाम से बहुत खुश हूं।' इंग्लैंड ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जनवरी 2011 में जीता था, जिसके बाद से 5,462 दिन बीत चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने उसके बाद से अपनी धरती पर 5-0, 4-0, 4-0 से श्रृंखला जीती है और अब वह 3-0 से आगे है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ और ब्रिस्बेन में पहले दो टेस्ट मैच आठ विकेट के समान अंतर से जीते थे।

# टी-20: भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराया



▸▸| जेमिमा रोड्रिग्ज की फिफ्टी

▸▸| स्मृति मंधाना ने 25 रन बनाए

एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 69 रन) की आकर्षक अर्धशतकीय पारी से रविवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। भारतीय गेंदबाजों ने ओस के बावजूद श्रीलंका को छह विकेट पर 121 रन का स्कोर ही बनाने दिया। ओस के उम्मीद से पहले असर दिखाने के बावजूद मेहमान टीम की बल्लेबाज ढीली गेंदों का पूरा फायदा नहीं उठा सकीं। फिर भारतीय टीम ने यह लक्ष्य 14.4 ओवर में दो विकेट पर 122 रन बनाकर हासिल कर लिया जिसमें जेमिमा ने 44 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके लगाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 रन का योगदान दिया। जेमिमा ने मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर (16 गेंद में नाबाद 15 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी निभाई। जेमिमा ने अपनी पारी के दौरान कई दर्शनीय शॉट खेले लेकिन उनकी पारी का आकर्षण 12वें ओवर में बाएं हाथ की कलाई की स्पिनर शशिनी जिम्हानी पर जड़े चार चौके रहे और इसी दौरान उन्होंने 34 गेंद में अपना पचासा भी पूरा किया। शेफाली वर्मा (09 रन, दो चौके) ने भारतीय पारी की शुरुआत पहले ओवर में दो चौकों के साथ आक्रामक अंदाज में की। लेकिन वह इसे ज्यादा देर तक जारी नहीं रख सकीं।

काव्या काविंदी की गेंद पर हवा में फ्लिक करने के बाद शशिनी ने स्क्वायर लेग पर उनका शानदार कैच लपका। फिर मंधाना भाग्यशाली रहीं क्योंकि काव्या की गेंद उनके बल्ले के अंदरूनी किनारे से लगी लेकिन बाउंड्री के लिए चली गई। लेकिन जेमिमा ने माल्की मदारा की गेंद पर लेट कट खेलते हुए चौका जमाया। इस तरह चार ओवर में भारत का स्कोर एक विकेट पर 30 रन हो गया। फिर श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू खुद गेंदबाजी करने आईं। मंधाना ने अटापट्टू पर दो चौके जड़ दिए।

# भारतीय बल्लेबाजों का फ्लाप शो पाक ने जीता अंडर-19 एशिया कप

एजेंसी ▸▸| दुबई

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम को पाकिस्तान हार दिया। पाकिस्तान की टीम ने भारत को 26.2 ओवरों में ढेर कर 191 रन से फाइनल जीत लिया। भारतीय टीम के सामने 348 रन का लक्ष्य बड़ा साबित हुआ और बैटर्स के फ्लॉप प्रदर्शन के चलते अंत में टीम को हार मिली। भारत की ओर से कोई भी बैटर 26 रन से ज्यादा नहीं बना पाया। वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, एरोन जॉर्ज जैसे बड़े नाम फ्लॉप रहे।



### वैभव ने बनाए मात्र 26 रन

भारत की शुरुआत जोरदार रही. ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने पहले ओवर में ही अली रजा पर तीन छक्के और एक चौका लगाकर 26 रन ठोक दिए। लेकिन इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गई। कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए. एरॉन जॉर्ज ने 16 रन बनाए, लेकिन वो भी जल्दी लौट गए। वैभव भी 10 गेंदों पर 26 रन बनाकर पवेलियन चले गए।

### क्रीज पर नहीं टिक सके भारतीय बल्लेबाज

*इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। विहान मल्होत्रा 7 रन, वेदांत त्रिवेदी 9 रन, अभिज्ञान कुंडू 13 रन, कनिष्क चौहान 9 रन बनाकर आउट हुए। खिलन पटेल ने 19 रन बनाए, जिसमें दो छक्के शामिल थे। हेनिल पटेल 6 रन पर आउट हो गए। आखिर में दीपेश देवेंद्रन ने पूरी कोशिश की लेकिन उन्हें और किसी बैटर का साथ नहीं मिल पाया। अंत में किशन सिंह उनके साथ आए और दोनों ने जैसे तैसे रन जोड़ने शुरू किए। लेकिन अंत में अली रजा ने दीपेश को कैच आउट करा पाकिस्तान की झोली में जीत डाल दी। भारत की ये बेहद बड़ी हार है।*

## दिव्या शक्ति सुगम्य भारत ट्रॉफी



*वाराणसी। राजस्थान के दिव्यांग खिलाड़ी जसवंत सिंह रविवार को बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के एमपी थिएटर ग्राउंड में बीसीसीआई की ओर से प्रायोजित दिव्या शक्ति सुगम्य भारत ट्रॉफी के क्रिकेट मैच के दौरान छड़ी का इस्तेमाल करके गेंद फेंकते हुए।*

## यादें 2025: अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं से जूझना पड़ा

# इस साल उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा भारतीय फुटबॉल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के लिए वर्ष 2025 निराशा से भरा रहा, जिसमें उसे गंभीर प्रशासनिक संकट, अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं, घरेलू लीग के अभाव और सीनियर पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से जूझना पड़ा। जैसे-जैसे साल खत्म होने लगा लियोनेल मेस्सी के बहुचर्चित 'जीओएटी इंडिया टूर' ने कुछ दिलचस्पी पैदा की और इस खेल को लेकर कुछ चर्चा शुरू करने पर मजबूर किया। लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल को कुछ फायदा हुआ होगा ऐसा नहीं लगता है। भारतीय फुटबॉल की अपनी समस्याएं ही कम नहीं थी और ऐसे में मेस्सी के दौरे के पहले दिन साल्ट लेक स्टेडियम में फैली अराजकता और अव्यवस्था ने शर्मिंदगी को और बढ़ा दिया। भारतीय फुटबॉल के गढ़ कहे जाने वाले कोलकाता में कानून-व्यवस्था का बिगड़ना भले ही अच्छी खबर न हो, लेकिन हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में मेस्सी के कार्यक्रम अच्छी तरह से आयोजित किए गए।



### पुरुष टीम का प्रदर्शन रहा बेहद निराशाजनक

इस साल भारत की सीनियर पुरुष टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। उसे ढाका में नवंबर में खेले गए 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। यह बांग्लादेश के खिलाफ पिछले 22 वर्षों में उसकी पहली पराजय थी। भारतीय टीम वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस साल वह कुछ जीत हासिल करने में कामयाब रही, जिसमें सितंबर में मध्य एशियाई देशों ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक जीतना भी शामिल है।

### कम रैंकिंग वाली टीमों से हार भारत

बांग्लादेश के अलावा भारतीय पुरुष टीम को हांगकांग और सिंगापुर जैसी कम रैंकिंग वाली टीमों से भी हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर से 1-2 से मिली हार ने एशियाई कप में प्रवेश करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जहां एक ओर पुरुष टीम मैदान पर संघर्ष कर रही थी वहीं दूसरी ओर प्रशासक मैदान के बाहर की समस्याओं से जूझ रहे थे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) का रिलायंस के स्वामित्व वाली फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के साथ पिछला अनुबंध आठ दिसंबर को समाप्त हो गया। इसके बाद वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए एक नया वाणिज्यिक भागीदार नहीं जुटा पाया, जिससे इस खेल पर संकट पैदा हो गया। यही वजह है कि देश की सर्वोच्च फुटबॉल लीग आईएसएल अभी तक शुरू नहीं हो पाई।

# डेजर्ट वाइपर्स का शानदार प्रदर्शन शारजाह वॉरियर्ज को 4 विकेट से हराया



एजेंसी ▸▸| दुबई

डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शारजाह वॉरियर्ज पर चार विकेट से जीत हासिल करके अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी दावेदारी को और मजबूत किया। वाइपर्स ने आठ मैचों में 14 अंकों के साथ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली है। वॉरियर्ज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 90 रन पर आउट हो गई। उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें टॉम एबेल ने सर्वाधिक नाबाद 35 रन बनाए। वाइपर्स की तरफ से डेविड पायने ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। वाइपर्स ने 13.5 ओवर में छह विकेट पर 91 रन बनाए और इस तरह से 37 गेंदें शेष रहते हुए आसान जीत हासिल की। उसकी तरफ से सैम कुरेन की 31 गेंदों में 37 रन की पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।




## खबर संक्षेप

### नीरव मोदी केस की सुनवाई मार्च तक टली



**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी के मामलों में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी को लंदन की अदालत से अस्थायी राहत दी है। अदालत ने ब्रिटेन की जेलों में जरूरी कानूनी दस्तावेजों की आपूर्ति में हो रही देरी को आधार बनाते हुए बैंक आफ इंडिया के एक बकाया ऋण से जुड़े मुकदमे की सुनवाई मार्च 2026 तक टालने की अनुमति दी है।मोदी दो अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में भारत प्रत्यर्पण का सामना कर रहा है। अक्टूबर में उसे दक्षिण लंदन की थेम्साइड जेल से उत्तर लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल में स्थानांतरित किया गया था, ताकि वह हाईकोर्ट में पेश हो सके।

### खाना लेकर फरार हुआ आतंकी,सर्च अभियान शुरू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक घर से आतंकवादियों के कथित रूप से भोजन लेकर पास के जंगल में भागने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर शाम खुफिया सूचना मिली थी कि दो अज्ञात आतंकवादी चोरे मोटू गांव में शाम करीब साढ़े छह बजे मंगतू राम के घर पहुंचे और भोजन लेकर चले गए। उधमपुर में तमाम सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। इसके बाद गांव के पास के जंगलों की घेराबंदी कर रविवार तड़के तलाशी और सघन अभियान शुरू किया गया।

## अब और ज्यादा पॉवरफुल हो जाएगा आईएएफ का जेट

# फाइटर जेट मिराज-2000 होगा अपग्रेड, अब 160 किमी दूर तक के लक्ष्य को भेदना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना मिराज 2000 लड़ाकू विमानों की अपग्रेडेड फ्लीट में स्वदेशी अस्त्र एमके 1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल को शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यह फैसला विदेशी अगली पीढ़ी की मिसाइलों के आने तक वायुसेना की क्षमतागत कमी को पाटने में अहम भूमिका निभा सकता है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के मिराज 2000 विमान एमआईसीए आईआर और एमआईसीए आरएफ मिसाइलों पर निर्भर हैं, जिनकी प्रभावी मारक दूरी लगभग 80 किलोमीटर बताई जाती है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह रेंज अब क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तुलना में कम मानी जा रही है, जिससे वायु युद्ध क्षमता पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय रक्षा कंपनी एमबीडीए अगली पीढ़ी की एमआईसीए एनजी न्यू जेनरेशन मिसाइल पर काम कर रही है, जिसकी अनुमानित रेंज 150 से 160 किलोमीटर तक होगी। यह मिसाइल भारत के अपग्रेडेड मिराज 2000, 5 विमानों के साथ संगत होने की पुष्टि कर चुकी है। इसकी डिलीवरी 2028-29 के अंत तक संभावित है, जबकि पूरी तरह ऑपरेशनल क्लीयरेंस मिलने में परीक्षण और एकीकरण प्रक्रिया के चलते 3 से 4 साल अतिरिक्त लग सकते हैं।

**अपनी स्वदेशी एस्ट्रा एमके1 मिसाइल न केवल सस्ती है बल्कि ताकतवर है**

**चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध में बेहतर भूमिका निभाएगा मिराज**



फाइटर जेट का फाइल फोटो

### आरडीवाय 2 रडार से लैस हैं अपग्रेडेड मिराज 2000

*भारतीय वायुसेना के अपग्रेडेड मिराज 2000 विमानों में आरडीवाय 2 ऑल वेदर सिंथेटिक अपर्चर रडार लगाया गया है। यह रडार 5 वर्ग मीटर रडार क्रॉस सेक्शन वाले फाइटर टारगेट को 120 से 140 किलोमीटर की दूरी से ट्रैक करने में सक्षम है। पहले के मिराज वेरिएंट में था, लेकिन आरडीवाय 2 अब मल्टी मोड और बीवीआर युद्ध के लिए कहीं अधिक सक्षम माना जा रहा है। यदि एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने की मंजूरी मिलती है, तो इसके लिए तकनीकी सहयोग आवश्यक होगा। इससे आरवायडी 2 रडार और एस्ट्रा मिसाइल के बीच सटीक डेटा लिंक स्थापित किया जा सकेगा, ताकि मिसाइल की फायर एंड फॉरगेट क्षमता और गाइडेंस पूरी तरह प्रभावी रहे। एस्ट्रा एमके 1 पहले ही सुखोई 30 एमकेआई और तेजस लड़ाकू विमानों पर सफलतापूर्वक ऑपरेशनल हो चुकी है।*

### स्वदेशी विकल्प से जल्द मिलेगा लाभ

मिका एनजी के पूरी तरह तैयार होने में जहां 2030 के शुरुआती वर्षों तक का इंतजार हो सकता है, वहीं एस्ट्रा एमके 1 एक समयबद्ध, किफायती और स्वदेशी अंतरिम समाधान के रूप में सामने आ रही है। आरडीवाय 2 रडार की मजबूत डिटेक्शन क्षमता के साथ एस्ट्रा एमके 1 की तैनाती मिराज 2000 बेड़े की मारक दूरी और घातक क्षमता को जल्दी बढ़ा सकती है।

### आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

*एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने का फैसला आत्मनिर्भर भारत पहल को मजबूती देगा। इससे न केवल स्वदेशी मिसाइल प्रणाली का व्यापक उपयोग होगा, बल्कि विदेशी अपग्रेड्स पर निर्भरता भी कम होगी। साथ ही, यह मिराज 2000 विमानों को भविष्य के चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध परिदृश्यों में प्रासंगिक बनाए रखने में मदद करेगा।*
***रडार और अस्त्र का तालमेल:*** *मिराज-2000 को पहले ही अपग्रेड किया जा चुका है, जिससे वह अब और भी आधुनिक हो गया है। अपग्रेड किए गए मिराज विमानों में अब थलेस कंपनी का आरडीवाय-2 रडार लगा है।*

### स्वदेशी अस्त्र मिसाइल की जरूरत

मिराज-2000 को अपग्रेड करने के पीछे कई बड़े रणनीतिक कारण हैं। मिराज की मौजूदा मीका मिसाइलें दुश्मन को 80 किमी तक ही मार सकती हैं। इसके मुकाबले चीन और पाकिस्तान के पास ऐसी मिसाइलें हैं जो इससे कहीं ज्यादा दूर तक वार करती हैं। नई फ्रांसीसी मिसाइल के आने में अभी बहुत समय है। भारत इतना लंबा इंतजार नहीं कर सकता, क्योंकि सरहद पर चुनौतियां हर दिन बदल रही हैं। विदेशी मिसाइलें बहुत महंगी होती हैं। अपनी स्वदेशी एस्ट्रा एमके1 न केवल सस्ती है, बल्कि इसके स्पेयर पार्ट्स और मेंटेनेंस भी भारत में ही आसानी से हो जाता है।




## सऊदी अरब बना रहा दुनिया की सबसे ऊंची इमारत

# बुर्ज खलीफा का टूटा रेकॉर्ड 1 किमी से ज्यादा होगी ऊंचाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर आप दुनिया की सबसे ऊंची इमारत दुबई का बुर्ज खलीफा कहने के आदि हैं तो जल्द ही इसमें बदलाव होने वाला है। दरअसल, सऊदी के क्राउन प्रिंस बुर्ज खलीफा से भी एक ऊंची इमारत बनवा रहे हैं जिसे जेद्दा टावर के नाम से जाना जाएगा।

इसकी ऊंचाई 1000 मीटर होगी यानी एक किलोमीटर। टावर 2028 तक बनकर तैयार हो जाएगी। गौरतलब है कि बुर्ज खलीफा की ऊंचाई 828 मीटर है। तो उसकी ऊंचाई से जेद्दा टावर कम से कम 172 मीटर ज्यादा ऊंची होगी।

### अब तक 80 फ्लोर बने

*रिपोर्ट के अनुसार जेद्दा टावर में अबतक 80 फ्लोर बन चुके हैं। इसका निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। माना जा रहा है कि इस इमारत में सारी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। शुरुआत में इस इमारत का निर्माण 2020 में ही पूरा हो जाना था। 2011 में इस इमारत को बनाने की घोषणा की गई थी। लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप के बाद इसका निर्माण कार्य रोक दिया गया था। उस समय तक इस इमारत की 63 मंजिलें बन गई थी।*

## जोहांसबर्ग के बार में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग

# 9 लोगों की मौत और 10 घायल, मची भगदड़



घटना स्थल पर पुलिस

**सोने की खदानों के पास घटना**

*हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। बेकर्सडेल दक्षिण अफ्रीका की कुछ बड़ी सोने की खदानों के पास स्थित एक गरीब इलाका है। रविवार को हुआ हमला दक्षिण अफ्रीका में सामूहिक गोलीबारी की इसी महीने दूसरी घटना है। राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल पर हमला किया था। जिसमें 12 लोग लोग मारे गए थे। इनमें एक तीन साल का बच्चा भी शामिल था।*

एजेंसी ▶▶ जोहांसबर

दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग के बाहरी इलाके में हुई गोलीबारी में कम से कम 9 लोग मारे गए हैं, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। इस महीने यह दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दूसरी बड़ी घटना है।

पुलिस ने पहले बताया था कि 10 लोग मारे गए हैं लेकिन बाद में मृतकों की संख्या घटाकर 9 कर दी। पुलिस के अनुसार, अनजान बंदूकधारियों ने एक बार में अंधाधुंध फायरिंग की। यह हमला शहर से लगभग 40 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में सोने की खदान वाले इलाके बेकर्सडेल में रात करीब 1 बजे से पहले किया गया। पुलिस ने एक बयान में बताया कि दो गाड़ियों से आए बंदूकधारियों ने बार में बैठे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मौके से भागते समय भी हमलावर फायरिंग करते रहे।

प्रांतीय पुलिस कमिश्नर मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने बताया कि मरने वालों में एक ऑनलाइन कार हेलिंग सर्विस का ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर था। पुलिस ने कहा कि हमले के पीछे के मकसद का पता नहीं चल सका है।

## चीन के कॉन्सर्ट में रोबोटस का कमाल

# सिंगर के साथ थिरके रोबोट्स मस्क बोले काफी इंप्रेसिव रहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलन मस्क को प्रभावित करना आसान नहीं है, लेकिन जब बात ह्यूमनॉइड रोबोट्स की आती है, तो उनकी दिलचस्पी साफ दिखती है। हाल ही में चीन के एक कॉन्सर्ट में रोबोटिक डांसर्स की परफॉर्मेंस ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और इसी वायरल वीडियो पर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक शब्द में प्रतिक्रिया दी, लिखा आई एम प्रेसिव यह वीडियो रोबोटिक एंटरटेनमेंट के भविष्य की झलक देता है। वायरल वीडियो कथित तौर पर चीनी सिंगर-सॉन्गराइटर वांग लीहोम के बेस्ट प्लेस टूर के चेंगदू कॉन्सर्ट का है। वीडियो में यूनिट्री कंपनी के कई ह्यूमनॉइड रोबोट्स बैगी स्ट्रीट-स्टाइल पैंट्स और चमकदार ओवरशर्ट्स पहने नजर आते हैं, जो स्टेज पर प्रोफेशनल डांसर्स की तरह परफॉर्म कर रहे हैं। जैसे ही गाना ओपन फायर शुरू होता है, रोबोटिक डांसर्स स्टेज पर उभरते हैं और वांग लीहोम की कोरियोग्राफी के साथ बिल्कुल सिंक में मूव करने लगते हैं। तेज मूवमेंट्स, मैकेनिकल प्रिसिजन, वेबस्टर फ्लिप्स, डायनामिक लाइटिंग ये सब स्टेज को एक फ्यूचरिस्टिक स्पेक्टेकल में बदल देते हैं।

### न्याय मंत्रालय की वेबसाइट से कम से कम 16 फाइल गायब

**न्यूयॉर्क।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक करने के लिए अमेरिकी न्याय मंत्रालय द्वारा बनाए गए वेबपेज से कम से कम 16 फाइल गायब हैं।




## बांग्लादेश में बवाल, हादी समर्थकों ने यूनुस सरकार को दिया 24 घंटे का

**दीपू की हत्या के खिलाफ भारत में निकला जुलूस लोगों में गुस्सा**

# बैरिकेड्स तोड़ते हुए भीड़ संसद भवन में घुसी नारेबाजी के साथ जमकर कर दी तोड़फोड़

**यूनुस सरकार पर भारी पड़ रहे हैं उपद्रवी**

**हादी समर्थकों ने पूछा**

- हत्या के लिए जिम्मेदार कौन
- अब तक जांच में क्या हुआ
- आरोपियों को गिरफ्तार कब तक किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ ढाका



'बांग्लादेश में शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद शुरू हुई हिंसा लगातार जारी है। राजधानी ढाका में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

इस बीच उस्मान हादी को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के बाद भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और प्रदर्शनकारी संसद भवन में घुस गए। हादी के समर्थकों ने यूनुस सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच से जुड़े हादी के करीबी सहयोगी अब्दुल्ल अल जबेर ने कहा है कि सरकार को अगले 24 घंटों में सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा कि हादी की हत्या के जिम्मेदार कौन हैं, अब तक क्या जांच हुई है और गिरफ्तारियों के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बांग्लादेश में भड़की हिंसा को लेकर ताजा अपडेट्स जानने के लिए इंडिया टीम की डिजिटल टीम के साथ जुड़े रहें। बांग्लादेश में हिंदू युवक की कट्टरपंथियों द्वारा बर्बर हत्या किए जाने के बाद हिंदुओं का गुस्सा चरम पर है।

भारत में हिंदू संगठन हिंदुओं के हत्यारे को कड़ी सजा देने और बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। भारत ने बांग्लादेश उच्चायोग बाहर हुए प्रदर्शन को लेकर बांग्लादेशी मीडिया की खबरों को खारिज किया। जिनमें कहा गया था कि उस देश में एक हिंदू व्यक्ति की हत्या के विरोध में नयी दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर हुए प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109